वर्ष : 16 | अंक : 119 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 02 मार्च 2026 । फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अजमेर
होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
RNI NO. RAJHIN/2010/35060 ▪ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

## अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत
### ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म हुए, इजराइल ने दूसरे दिन फिर हमला किया

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला किया है। हमले में ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया। हमले के पहले दिन शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने इसकी पुष्टि रविवार को की।

इजराइली वायुसेना ने रविवार को बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इसमें उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है। तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो गई है।

ईरान में सत्ता संभालने के लिए फिलहाल तीन लोगों की एक अस्थायी समिति बनाई गई है। इस समिति में देश के राष्ट्रपति मसूद पजश्कियान, न्यायपालिका के प्रमुख मोहसेनी एजेही और धर्मगुरु अली रजा अराफी शामिल हैं।

अयातुल्ला अली खामेनेई ने 1963 में शाह के खिलाफ भाषण देकर पहचान बनाई। 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति हुई और शाह की सरकार गिर गई। खामेनेई को उप रक्षामंत्री बनाया गया। 1981 खामेनेई ईरान के तीसरे राष्ट्रपति बने। 1989 में खोमैनी के निधन के बाद खामेनेई को देश का सर्वोच्च नेता यानी 'रहबर' बनाया गया।

#### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया है। इनमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई



#### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

ईरान ने जवाब में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। उसने कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई के पाम होटल एंड रिसॉर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया।

## पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए
### मदुरै में बोले-विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान; तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की




बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफ एम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

#### तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं, अपराध बढ़ रहा है- मोदी

हाल ही में मैंने सुना कि डीएमके के किसी व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मेरे पिता या मुझसे डर नहीं लगता। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में कोई किसी से नहीं डरता। इसलिए, जब कोई कहता है कि उन्हें मुझसे डर नहीं लगता, तो वे मेरी आलोचना नहीं कर रहे हैं; बल्कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं।

आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं।

#### अवकाश की सूचना

सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

2 मार्च और 3 मार्च को कार्यालय में होली का अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 5 मार्च को प्रकाशित होगा। - सम्पादक

## कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा : केजरीवाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टीके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया।

शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया।

#### केजरीवाल के भाषण की बड़ी बातें....

बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है। आप को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा।


इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गई, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है।







दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
जयपुर | सोमवार, 02 मार्च, 2026


## सभी प्रदेशवासियों को होली व धुलण्डी की हार्दिक शुभकामनाएं

































वर्ष : 16 | अंक : 119 | जयपुर | सोमवार, 02 मार्च, 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2.00 | पृष्ठ : 20
www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जीटो टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम-

# पारदर्शिता, जनसेवा एवं नैतिकता के साथ करें कार्य : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में जैन समुदाय की 'ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा' ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और इसमें जैन सहित सभी समाजों की साझेदारी आवश्यक है। शर्मा रविवार को जयपुर में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीटो) टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मूल्य आधारित नेतृत्व, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चेतना' भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हमें अपने निर्णयों में ईमानदारी, पारदर्शिता, जनसेवा एवं नैतिकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होकर कर्तव्यबोध को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाया है। अहिंसा, करुणा एवं सत्य के मूल्यों के आधार पर भारतीय सभ्यता के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षा और प्राचीन काल से चली आ रही ज्ञान परंपरा के माध्यम से जैन दर्शन ने 'जियो और जीने दो' का अमर संदेश दिया है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।









## सम्पादकीय

# अनिश्चितता से घिरा ईरान, पूरी दुनिया पर पड़ेगा असर

इजरायल-अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च शासक एवं मजहबी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद वहां नेतृत्व परिवर्तन तो हो गया, लेकिन यह कहना कठिन है कि सत्ता परिवर्तन भी हो जाएगा, जो कि अमेरिकी राष्ट्रपति का लक्ष्य है। एक तो ईरान वेनेजुएला नहीं है और न ही वहां शासन एवं सेना को नियंत्रित करने वाले तंत्र में फिलहाल किसी असहमति और विद्रोह के आसार दिख रहे हैं। इसका प्रमाण यह है कि खामेनेई के स्थान पर अंतरिम नेतृत्व के नाम की घोषणा कर दी गई है एवं ईरानी सेना और विशेष रूप से रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर इजरायल-अमेरिका के हमले का जवाब देने के साथ ही खामेनेई की मौत का बदला लेने की धमकी भी दे रहे हैं। ईरानी सेना जिस तरह इजरायल को निशाना बनाने के साथ सऊदी अरब, कतर, जार्डन, ओमान, बहरीन, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात आदि जगह अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ नागरिक क्षेत्रों को निशाना बना रही है, उससे यही स्पष्ट होता है कि वह आसानी से हार नहीं मानने वाली। ईरानी सेना ने जिस तरह पड़ोसी देशों में नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए, उससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ेगा। इसका असर भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र विश्व को ऊर्जा की आपूर्ति का बड़ा स्रोत है। ईरानी सेना के प्रतिरोध के बावजूद तथ्य यही है कि वह इजरायल और अमेरिका की सैन्य



क्षमता का लंबे समय तक सामना नहीं कर सकती। इस पर आश्चर्य नहीं कि खामेनेई की मौत के बाद जहां आम तौर पर शिया जगत में आक्रोश है, वहीं ईरान में जनता का एक वर्ग खुश है। इसका कारण यही है कि करीब 40 वर्षों से सत्ता पर काबिज रहने के दौरान उन्होंने निरंकुशता से शासन किया और अपने लोगों पर कठोर मजहबी मान्यताएं थोपीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिजबुल्ला, हमास एवं हाउती जैसे संगठनों की हर तरह से मदद की। इससे इजरायल और अमेरिका का ईरान से का बैर बढ़ा। इसमें संदेह नहीं कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला वैध नहीं यह हमला कुल मिलाकर अमेरिका की मनमानी का ही परिचायक है, लेकिन जो स्थिति बनी उसके लिए ईरानी सत्ता की हठधर्मिता भी उत्तरदायी है। ईरान येन-केन -प्रकारेण परमाणु हथियार बनाने की जुगत में लगा हुआ था। यदि ईरानी सत्ता ने परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर अडियल रुख का परिचय नहीं दिया होता तो संभवतः कूटनीतिक वार्ताओं के माध्यम से कोई हल निकल सकता था। कहना कठिन है कि ईरान का भविष्य क्या है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि एक समय आधुनिकता का वरण करने वाला यह देश पुरातनपंथी मजहबी कट्टरता में जकड़ गया था और इसी कारण ईरानी जनता के एक वर्ग के साथ पश्चिमी जगत में ईरानी शासन के प्रति विरोध बढ़ता जा रहा था।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

- 02 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1995 - इक्वाडोर एवं पेरू के मध्य चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के मध्य समझौता।
- 1997 - चीन द्वारा अपने रक्षा बजट में 12 प्रतिशत की वृद्धि।
- 1999 - व्यापक परमाणु परीक्षण संधि (सी.टी.बी.टी.) पर हस्ताक्षर करने के लिए भारत के साथ किसी गुप्त समझौते के समाचार का सं.रा. अमेरिका द्वारा खंडन।
- 2000 - चिली के पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल आगस्टो पिनोशे ब्रिटेन द्वारा रिहा करने के बाद स्वदेश रवाना।
- 2002 - कूलम (आस्ट्रेलिया) में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन शुरू, पाकिस्तान को पुन: शामिल करने से इन्कार, फ़िलिस्तीन ने इस्रायल से सभी सम्बन्ध तोड़े।
- 2006 -
- नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौता सम्पन्न।
- भारत ने परमाणु शक्ति के सम्बन्ध में अमेरिका के साथ राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के दिल्ली आगमन पर समझौता किया।
- 2008-
- आइगेट कॉर्पोरेशन ने फनी मूर्ति को अपना मुख्य परिचालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया।
- हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया के दफ़्तर पर इस्रायली युद्धक विमानों ने हमला किया। ईरान के राष्ट्रपति महमूद अहमदी नेजाद अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर इराक पहुँचे। नेपाल सरकार ने पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक स्वायत्तता की मांग को लेकर संघर्षरत देसी जातीय समूहों के एक गठबंधन से समझौता किया।
- 2009- चुनाव आयोग ने 15वीं लोकसभा के चुनाव 16 अप्रैल से 13 मई के बीच 5 चरणों में सम्पन्न करने की घोषणा की। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी अनुषंगी रिलायंस पेट्रोलियम के निवेशकों के निदेशकों के बोर्ड ने दोनों कम्पनियों के विलय के प्रस्ताव को मंज़ूदी दी।

विशेष आलेख

# भक्ति की अग्नि से प्रेम के गुलाल तक: जीवन के असली रंगों की खोज

**'अभी न होगा मेरा अंत, अभी-अभी ही तो आया है, मेरे वन में मृदुल वसंत'**



अमिता शर्मा




सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की इन पंक्तियों के साथ जब फागुन की बयार चलती है, तो मन भक्ति और प्रेम के दो छोरों से जुड़ जाता है। अक्सर हम होली को केवल हुड़दंग मान लेते हैं, लेकिन इसके पीछे छिपे जीवन दर्शन को समझना आज के समय में बहुत जरूरी है। उत्सव की यह यात्रा शुरू होती है प्रहलाद की उस अग्नि-परीक्षा से, जो इसी फाल्गुन पूर्णिमा की रात घटी थी। असुर राजा हिरण्यकश्यप के अहंकार और होलिका के छल के बीच प्रहलाद का विश्वास अडिग रहा। वह रात केवल एक असुर के अंत की नहीं थी, बल्कि मन के भीतर जमी कलुषता और विकारों को जलाने की रात थी। प्रहलाद ने सिखाया कि उल्लास के रंगों को धारण करने से पहले, अंतर्मन की अशुद्धियों का शमन अनिवार्य है।

जब उस पावन अग्नि ने संशय और नकारात्मकता को भस्म कर दिया, तब जाकर हृदय की भूमि तैयार हुई उन कोमल रंगों के लिए, जिन्हें कृष्ण लेकर आए। पौराणिक कथा कहती है कि पूतना का विष पीने के कारण कृष्ण का शरीर नीला पड़ गया था। उन्हें संकोच था कि राधा और गोपियाँ उन्हें स्वीकार करेंगी या नहीं। तब माता यशोदा ने उन्हें सलाह दी कि वे राधा को भी उसी रंग में रंग डालें जिसमें वे उसे देखना चाहते हैं। कृष्ण, राधा के पास गए और उन पर रंग उड़ेल दिया। उस क्षण द्वेष की वह पुरानी अग्नि शांत हुई और प्रेम का च्गुलालज् हवा में तैरने लगा। तभी से फाल्गुन पूर्णिमा का यह दिन च्शुद्धिज् और च्उल्लासज् का अनुपम संगम बन गया। होली का यह पर्व हमारे नीरस होते जा रहे जीवन में फिर से जीवंतता के रंग भरने का संदेश है। यह त्योहार एक च्रिसेट बटनज् की तरह है। आज के दौर में जहाँ हर कोई तनाव में है और छोटी-छोटी बातों पर बुरा मान जाता है, वहां हमें उसी पुरानी हुड़दंग और मस्ती को वापस लाने की ज़रूरत है जो कहती थी— 'बुरा न मानो होली है' यह जुमला रिश्तों में जमी कड़वाहट की धूल को झाडऩे का तरीका था। मगर आज के दौर में एक नई चुनौती सामने है— डिजिटल होली। हरिशंकर परसाई के शब्दों में कहें तो, यह वह युग है जहाँ हम रंगों से चेहरा नहीं, बल्कि अपनी च्प्रोफाइलज् चमकाते हैं। हमने गुलाल को स्क्रीन पर च्अपलोडज् कर दिया है और प्रेम को मोजीज् में कैद। तकनीक ने हमें सात समंदर पार वालों से तो जोड़ दिया, लेकिन बगल में बैठे इंसान से इतना दूर कर दिया कि अब उसे गुलाल लगाने के लिए भी हमें च्नोटिफिकेशनज् का इंतज़ार रहता है। हम दूसरों की पोस्ट पर तो खुशियों के रंग बिखेरते फिरते हैं, पर अपने घर के सूनेपन पर फिल्टर लगा लेते हैं। परसाई जी की वह अग्निज् आज भी चीख-चीख कर कह रही है कि यदि हम अपने भीतर के डिजिटल पाखंड और दूरियों को जला नहीं पाए, तो बाहर के इन सिंथेटिक रंगों का कोई मोल नहीं है। लेख के अंत में रसखान का वह सवैया याद आता है जो इस प्रेम और उत्सव की आत्मा को समेटे हुए है- खेलत फागु सुहाग भरी, अनुराग ही ठाढ़ी अबीर उड़ावति। घूँघट खोलि दिओ तब ही, कल-कुंजन में सखियाँ चहुँ धावति। चितवत जो मुसुकाय हँसे, रसखान सो रूप अनूप दिखावति। एहो लला! अब खेलि चुके, अब तौ फिरि आइहैं फागु मनावति॥'

**निष्कर्ष :** रसखान की पंक्तियों में जब गोपियाँ थककर कहती हैं, 'एहो लला! अब खेलि चुके...'तो उनका इशारा उस मानवीय थकान की ओर है जो एक समय बाद ठहर जाना चाहती है। लेकिन यहाँ कृष्ण की वह चंचलता देखने योग्य है—वे रुकते ही नहीं, वे तो उस उत्सव को अनंत काल तक ले जाना चाहते हैं। कृष्ण की यह न रुकने वाली जीवंतता आज के आम आदमी के लिए सबसे बड़ा संदेश है। हमें अपनी डिजिटल आदतों से यही कहना होग 'बहुत खेल चुके हम स्क्रीन के बेजान रंगों से!' अब समय है कि हम कान्हा की उसी न रुकने वाली जीवंतता को अपने भीतर जगाएं, स्क्रीन के पर्दे हटाकर असल रिश्तों की गर्माहट में लौटें और जीवन को केवल काटने के बजाय, भरपूर जिएं। ताकि जब अगला फागुन आए, तो हमारे पास केवल व्हाट्सएप की गैलरी नहीं, बल्कि यादों के असली गुलाल से रंगा हुआ एक कोना हो।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# होली 2026: रंगों में रची एकता, खुशियों में घुली संवेदना

**सच्ची होली वही है, जो मन के भीतर उजाला भर दे**



संजय खाबिया

*कम पानी, अधिक प्रेम यही होली का आधुनिक संदेश होना चाहिए। यह पर्व हमें सिखाता है कि रिश्तों की दीवारें रंगों से नहीं, भावनाओं से सजती हैं।*

होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव है। यह वो क्षण है जब मन के सभी भेदभाव पिघलकर एक रंग में घुल जाते हैं प्रेम, अपनापन और सौहार्द के रंग में।जब हवा में गुलाल उड़ता है, ढोल की थाप पर कदम थिरकते हैं, और चेहरे पर मुस्कान सजती है, तब लगता है जैसे पूरा भारत एक साथ कह रहा हो — 'आओ, हम सब मिलकर रंगों में रिश्ता बनाएँ।'

**रंगों से परे, भावनाओं की होली :** होली की असली सुंदरता उसके रंगों में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है जो इन रंगों के साथ दिलों तक पहुँचती हैं।यह त्योहार सिखाता है कि जीवन का असली अर्थ दूसरों की खुशियों में अपनी खुशी ढूँढने में है। किसी पर जबरन रंग डालना, किसी की मर्यादा तोडऩा या शरारत के नाम पर असंवेदनशील होना यह इस त्योहार की आत्मा के विपरीत है। सच्ची होली वही है जिसमें कोई आँसू नहीं, सिर्फ हँसी हो; कोई दूरी नहीं, सिर्फ अपनापन हो।

**प्रकृति के संग रंगों का मेल :** इस बार की होली



हमें यह सोचने का भी अवसर देती है कि क्या हम सिर्फ अपने चेहरों को रंगते हैं, या अपनी पृथ्वी को भी सजाते हैं? रासायनिक रंगों से भरी होली कुछ पल की खुशी तो देती है, पर मिट्टी और जल के लिए बोझ बन जाती है। फूलों, हल्दी, चंदन और पलाश के रंगों से खेली गई 'हरित होली' न सिर्फ शरीर को सुरक्षित रखती है, बल्कि धरती को भी मुस्कुराने का कारण देती है। कम पानी, अधिक प्रेम यही होली का आधुनिक संदेश होना चाहिए। यह पर्व हमें सिखाता है कि रिश्तों की दीवारें रंगों से नहीं, भावनाओं से सजती हैं।कभी किसी बात पर टूटे रिश्ते इस दिन फिर से जुड़ सकते हैं। होली का एक रंग ऐसा भी है जो 'क्षमा' का प्रतीक है जब हम पुरानी शिकायतों को भुलाकर किसी को गले लगाते हैं, तो वही असली रंग फैलता है जो दिल से दिल तक पहुँचता है। होली भारतीय संस्कृति का वो पर्व है जिसमें संगीत, नृत्य, भोजन और हास्य एक साथ झलकते हैं। गुजिया की मिठास, ढोल की थाप, अबीर की सुगंध और बच्चों की खिलखिलाहट सब मिलकर ऐसा दृश्य रचते हैं जो सिर्फ आँखों से नहीं, दिल से महसूस होता है। हर गली, हर आँगन में यह त्योहार एक संदेश देता है खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं, और प्रेम ही सबसे सुंदर रंग है। होली हमें यह भी याद दिलाती है कि विविधता में ही हमारी असली ताक़त है। धर्म, भाषा, जाति, क्षेत्र इन सबकी सीमाएँ इस दिन मिट जाती हैं। जब गाँव का किसान, शहर का व्यापारी, विद्यार्थी और बुजुर्ग एक साथ रंगों में सराबोर होते हैं।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा — बढ़ता राजस्थान

### संतोष का पुरस्कार

आसफउद्दौला नेक बादशाह था। जो भी उसके सामने हाथ फैलाता, वह उसकी झोली भर देता था। एक दिन उसने एक फक़ीर को गाते सुना- जिसको न दे मौला उसे दे आसफउद्दौला। बादशाह खुश हुआ। उसने फक़ीर को बुलाकर एक बड़ा तरबूज दिया। फकीर ने तरबूज ले लिया, मगर वह दुखी था। उसने सोचा- तरबूज तो कहीं भी मिल जाएगा। बादशाह को कुछ मूल्यवान चीज देनी चाहिए थी। थोड़ी देर बाद एक और फक़ीर गाता हुआ बादशाह के पास से गुजरा। उसके बोल थे- मौला दिलवाए तो मिल जाए, मौला दिलवाए तो मिल जाए। आसफउद्दौला को अच्छा नहीं लगा। उसने फक़ीर को बेमन से दो आने दिए। फक़ीर ने दो आने लिए और झूमता हुआ चल दिया। दोनों फकीरों की रास्ते में भेंट हुई। उन्होंने एक दूसरे से पूछा, बादशाह ने क्या दिया? पहले ने निराश स्वर में कहा, सिर्फ यह तरबूज मिला है। दूसरे ने खुश होकर बताया, मुझे दो आने मिले हैं। तुम ही फायदे में रहे भाई।, पहले फकीर ने कहा। दूसरा फक़ीर बोला, जो मौला ने दिया ठीक है। पहले फक़ीर ने वह तरबूज दूसरे फकीर को दो आने में बेच दिया। दूसरा फक़ीर तरबूज लेकर बहुत खुश हुआ। वह खुशी-खुशी अपने ठिकाने पहुंचा। उसने तरबूज काटा तो उसकी आंखें फटी रह गईं। उसमें हीरे जवाहरात भरे थे। कुछ दिन बाद पहला फक़ीर फिर आसफउद्दौला से खैरात मांगने गया। बादशाह ने फक़ीर को पहचान लिया। वह बोला, तुम अब भी मांगते हो? उस दिन तरबूज दिया था वह कैसा निकला? फक़ीर ने कहा, मैंने उसे दो आने में बेच दिया था। बादशाह ने कहा, भले आदमी उसमें मैंने तुम्हारे लिए हीरे जवाहरात भरे थे, पर तुमने उसे बेच दिया। तुम्हारी सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि तुम्हारे पास संतोष नहीं है। अगर तुमने संतोष करना सीखा होता तो तुम्हें वह सब कुछ मिल जाता जो तुमने सोचा भी नहीं था। लेकिन तुम्हें तरबूज से संतोष नहीं हुआ। तुम और की उम्मीद करने लगे। जबकि तुम्हारे बाद आने वाले फक़ीर को संतोष करने का पुरस्कार मिला।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# होली पर आंखों में रंग जाने पर भूलकर भी न करें ये गलती, अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

1. आंखों को रगडऩे से बचें जैसे ही आंख में रंग जाए, हमारा प्राकृतिक रिफ्लेक्स उसे रगडऩे का होता है। लेकिन याद रखें, रंगों के छोटे कण या शीशे के टुकड़े, जो आजकल रंगों में मिलाए जाते हैं रगडऩे से आपके कॉर्निया पर खरोंच लगा सकते हैं। इससे घाव या इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

2. ठंडे पानी के छींटे आंखों को धोने के लिए हमेशा साफ और ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। नल के नीचे आंखें खोलकर पानी की हल्की धार डालें या कटोरे में पानी भरकर उसमें अपनी पलकें झपकाएं। इसे कम से कम 5-10 मिनट तक जारी रखें जब तक कि रंग पूरी तरह बाहर न निकल जाए।

3. गुलाब जल का प्रयोग यदि आंखों में हल्की जलन बनी हुई है, तो शुद्ध गुलाब जल की दो-दो बूंदें आंखों में डालें। यह एक नेचुरल लुब्रिकेंट की तरह काम करता है और आंखों की लाली व दाह को कम करने में बेहद मददगार होता है।

4. दूध से आंखों की सफाई पुराने समय से ही आंखों में रंग जाने पर ठंडे दूध का उपयोग किया जाता रहा है। रुई के फाहे को ठंडे दूध में भिगोकर आंखों पर रखने या दूध की एक-दो बूंद डालने से रंगों में मौजूद केमिकल्स का असर कम हो जाता है और आंखों को सुकून मिलता है।

5. लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप्स और आराम रंग निकलने के बाद भी आंखों में सूखापन महसूस हो सकता है। ऐसे में किसी अच्छी कंपनी की लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप का उपयोग करें। अगले 24 घंटों तक अपनी आंखों को धूल-धूप से बचाएं और हो सके तो डार्क चश्मा पहनें। डॉक्टर के पास कब जाएं? यदि पानी से धोने के बाद भी धुंधला दिखाई दे रहा हो।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपको किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, लेकिन आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा और आप अपने विरोधियों को आप आसानी से मात देने के पूरे कोशिश में लगे रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और आपके परिवार के सदस्यों से रिश्ते भी बेहतर रहेंगे।

**कर्क**
आज आपके खर्चों की अधिकता अधिक रहेगी, जिसके लिए आपको अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर चलना बेहतर रहेगा। आप अपनी संतान को किसी मनचाहे कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जो आपके बिजनेस में आपको फायदा करा सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई से संबंधित समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए किसी जमीन जायदाद से जुड़े मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और किसी कानूनी मामले को लेकर आप किसी अच्छे वकील से सलाह लेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

**मकर**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने पुराने लेन-देन से छुटकारा मिलेगा। संतान के किसी परीक्षा के परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने से ज्यादा बाकी कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिसे बाद में आपकी कुछ टेंशन भी बढ़ेगी। आप अपने लंबे समय से रुके हुए धन को पाकर काफी खुश होंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान दे सकता है।

# देवली शहर में होगा 2 मार्च को होली दहन 4 मार्च को मनाई जाएगी धुलण्डी-पंडित मुकेश गौतम

## पंडित मुकेश गौतम के अनुसार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण मंदिरों के रहेंगे पट बंद, भगवान को नहीं लगेगी गुलाल

बढ़ता राजस्थान

**देवली( गोविंद सिंह सेठी )।** इस वर्ष मनाए जाने वाला रंगों का त्यौहार होली और धुलण्डी मानने को लेकर कई दिनों से असजंमस की स्थिति बनी हुई थी। जो रविवार को स्पष्ट हो गई की। रंगों से खेले जाने वाला त्योहार 4 मार्च बुधवार को मनाया जाएगा। शहर के भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने होली की तिथियों को लेकर व्याप्त भ्रम को दूर करने के लिए घोषणा की है कि। इस बार होली दहन के बाद रंगों से खेले जाने वाला त्योहार धूलंडी 3 मार्च मंगलवार को नहीं मनाया जाएगा। इस बार रंगों का यह त्योहार धूलंडी 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी। इसलिए की 3 मार्च को चंद्र ग्रहण रहेगा। इसी कारण इस बार के होली त्यौहार को मनाए जाने को लेकर लोगों में भ्रम फैला हुआ था कि। होली दहन के बाद धुलण्डी कब मनाई जाए इसको लेकर व्यापार महासंघ समेत संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। और स्पष्ट हुआ की 2 मार्च को होली दहन का त्यौहार मनाया जाएगा और 4 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी। ऐसे मे भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने बताया कि होलिका दहन का त्यौहार 2 मार्च को मनाया जाएगा ,3 मार्च को चंद्र ग्रहण हे ,ग्रहण के दिन सभी मंदिरों के पट बन्द रहेंगे। इसलिए ग्रहण व सूतक के समय भगवान को गुलाल नहीं लगाई जा सकती हे। इसलिए धुलंडी यानि रंगों की होली 4 मार्च को खेली जाएगी पंडित मुकेश गौतम ने यह भी बताया कि होलिका दहन 2 मार्च (सोमवार) को मध्यरात्रि 1ः25 बजे होगा।



# शताब्दी वर्ष में गांव गांव में हो रहे दीपयज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**खातोली( मुकेश गोस्वामी )।** खातौली कस्बे में परमपूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना के 100 वर्ष अखंड दीप तथा माता जी के प्राकट्य शताब्दी वर्ष में शांतिकुंज हरिद्वार से संकल्पित होकर आए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रहलाद जी अध्यापक के नेतृत्व में 18 वां 27 सा क्षेत्र में नित्य दीपयज्ञों का आयोजन कर युग निर्माण योजना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही पर्यावरण संरक्षण, व्यसन मुक्ति, कुरीतियां उन्मूलन , परिवार प्रबंधन, गायत्री साधना,राष्ट्र भक्त,जन जागरण व समाज सेवा के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इस क्रम में धनवा,,रामपुरिया संग्रामपुरा ,और कल खातौली में श्री सिद्धेश्वर वाले बड़ा मठ में विशाल दीपक का आयोजन रखा गया टोली नायक मृत्युंजय सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार का मिशन मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है जो धीरे-धीरे होता जा रहा है।

# होली त्यौहार को लेकर सीएलजी मीटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**खातोली( मुकेश गोस्वामी )।** खातोली रविवार दोपहर को खातौली पुलिस थाने में इटावा पुलिस सीईओ ओमप्रकाश सरावग ने थाना परिसर में सीएलजी मीटिंग ली इस दौरान पुलिस थाना सीआई देशराज गुर्जर ने होली के पर्व को लेकर एक दूसरे को प्रेम पूर्वक होली का त्यौहार मानने एवं एक दूसरे धर्म के प्रति भाईचारा बनाए रखने व सोशल मीडिया की अफवाहों से बचने एवं एक दूसरे धर्म के प्रति किसी भी तरह की सोशल मडिया पर गलत पोस्ट नहीं करने की बात कही वहीं क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध की घटना के बारे में पुलिस को बताने के लिए लोगों को प्रेरित किया वही इटावा पुलिस सीईओ ओमप्रकाश सरावग ने अपराधिक घटनाक्रम की रोकथाम के लिए कस्बे में जगह-जगह कैमरे लगाने के लिए कस्बे के दुकानदारो को प्रेरित किया और कहा कैमरे लगाकर कैमरे का फोकस अपने प्रतिष्ठान एवं मकानो के गेटो एवं रास्तों की तरफ रखें ताकि किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना होने से पहले ही कमरे में कैद हो जाए।

























ओम प्रकाश खाती
'A' Class contractor
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी व ईद के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां



ओम प्रकाश खाती
'ए' क्लास कोन्ट्रेक्टर
Registered
'A' Class contractor
Ravta (Darra Mataji) P.O.-Rajmahal, Tehsil-Deoli (Tonk)
9414992078, 9829749504

मेसर्स संजय जागिड़
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी व ईद के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां



मेसर्स संजय जागिड़
कंस्ट्रक्शन सी क्लास
कांट्रेक्टर रावता माताजी, पोस्ट : राजमहल देवली
मो. 9414212078

एस. एल.
की ओर से देवली क्षेत्रवासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी व ईद के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
बहुत-बहुत बधाइयां



एस. एल.
देवली


ANKUR ENT HOSPITAL
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी व ईद के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां



Dr. Gorav Vyas
M.B.B.S.,D.L.O. (Ahmedabad)
(DNB) ENT (Hyderabad)
RMC Reg. No.: 3180814629

Advanced ENT, Head & Neck Cancer and Skull Base Surgeon
Experienced in Top Hospital of Ahmedabad
Baroda (Guj.) Hyderabad (A.P.), Jaipur, Kota, Bhilwara (Raj.)
Mob.: 7680950129, 8980019198, Email: goravvyas@gmail.com

ANKUR ENT HOSPITAL
Deoli Kota Road



Inspiring Better Health Tonk, Bundi, Kekri, Shahpura, Jahazpur Area's Ist Advanced ENT Hospital



Dr. Arti Vyas (O.T. & ICU Incharge)
Anaesthetic & ICU Specialist)
Worked in Forties, Jaipur
RMC Reg. No.: 15008
Mob.: 9925436296

Infront of Water Tank, Kota Road, Devli Dist. Tonk (Raj.)
Contact No.: 8890633430, 7668858391, 7568859848
Email: goravvyas@rediffmail.com

# नेगड़िया कला में एएसआई सूरज कुमार बैरवा का हुआ सम्मान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा/चित्तौड़गढ़।** जिले के ग्राम नेगड़िया कला में राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल स्वर्गीय श्री रामलाल बैरवा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र एवं जांबाज सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) सूरज कुमार बैरवा** (थाना कोतवाली, निम्बाहेड़ा) द्वारा अपने पैतृक गांव में एक विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं दंत जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों एवं दांतों की जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों का चयन कर उन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भी पंजीकृत किया गया। इस सामाजिक पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास प्रशिक्षण, नई दिल्ली की ओर से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिहारी लाल सोलंकी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र पहाड़िया तथा जिला उपाध्यक्ष विजय बैरवा उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को प्रातः 9 बजे बेसहारों का सहारा , अपना घर महिला आश्रम वैशाली नगर, अलवर पर गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में कार्यकारिणी के सदस्यों सहित आश्रम की महिला प्रभुजनों की भागीदारी रही।

रविवार के यज्ञ में श्री नन्दलाल शर्मा तथा उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुशीला शर्मा( सचिव महिला आश्रम) मुख्य यजमान रहे। गायत्री परिवार अलवर के श्री स त ी श ा सारस्वत(अध्यक्ष,अपना घर पुरुष आश्रम ), चौधरी चरणसिंह एवम श्री हरीश सैनी( अध्यापक) जी की टोली द्वारा यज्ञ संचालन किया गया। ज्ञातव्य है कि पीड़ा और पतन निवारण में संलग्न अपना घर महिला आश्रम की 80 प्रतिशत प्रभूजन मानसिक और वैचारिक रूप से अस्वस्थ हैं । तन का इलाज मेडिकल तंत्र से ।। मन का इलाज गायत्री मंत्र से ।। इस तथ्य के आधार पर यज्ञ और गायत्री मंत्र से नेगेटिव विचार समाप्त होते हैं तथा पोजेटिव विचार प्रकट होकर सदबुद्धि की वृद्धि करते हैं। पीड़ा पतन निवारण के अपना घर के इसी परमार्थिक उद्देश्य में शामिल होकर गायत्री परिवार अलवर के पूर्वी जोन के कार्यकर्ताओं द्वारा अपना घर महिला आश्रम वैशाली नगर, अलवर में हर माह के प्रथम रविवार को मासिक गायत्री यज्ञ करने का निश्चय किया गया। इस क्रम की शुरुआत में आज 1 मार्च रविवार से आश्रम में मासिक यज्ञीय कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। इसमें समय और परिस्थिति अनुसार क्षेत्रीय कार्यकर्ता अपना समयदान देते रहेंगे ।

## स्कूल के खिलाफ मुकदमा दर्ज और एक लाख का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** ब्राइट चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल का अपने मूल स्थान बुद्ध विहार से अन्यत्र पुलिस लाइन के पास संचालित होने के कारण तथा बार-बार स्कूल को चेतावनी व नोटिस देने के बाद भी हठधर्मिता से मूल स्थान पर न चलाकर अन्य स्थान पर चलने के कारण डीईओ प्रारंभिक ने अखैपुरा थाने में परिवाद दर्ज कराया है और साथ ही मूल स्थान से दूर अन्य स्थान पर चलने के कारण एक लाख का जुर्माना भी लगाया है यदि सात दिवस में जुर्माना जमा नहीं कराया तो स्कूल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । गौरतलब है कि यह स्कूल शिक्षा विभाग के सभी नियमों को ताक पर रखकर चल रहा है जो कि विभागीय नियमों की पालना नहीं कर रहा शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में भी कई बार जांच करके नोटिस दिए गए तथा मान्यता समाप्ति की अभिशंषा भी निदेशालय बीकानेर को की गई है ।
















## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BERI (SIKAR)

No.: 2025-26/85 Date: 24-02-2026

### Notice Inviting Bid

Bids For Civil construction work gram panchayat Beri are invited from interested bidders upto 05.03.2026 time 6 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV2526A0121

UBN : PIV2526WSRC00171

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बेरी
पं.सं. पिपराली (सीकर)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बेरी
पं.सं. पिपराली (सीकर)




## GRAM PANCHAYAT KOLIDA PANCHAYAT SAMITI PIPRALI

No.: 2025-26/12 Date: 25-02-2026

### Notice Inviting Bid

Bids for Various Civil Construction Works in Gram Panchayat Kolida invited from interested bidders upto 05.03.2026 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB : PIV2526A0123

UBN : PIV2526WSOB00174 TO PIV2526WSOB00177

**शिवपाल सिंह मील**
प्रशासक
ग्राम पंचायत कोलीड़ा
पं.सं. पिपराली (सीकर)

**दिनेश कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कोलीड़ा
पं.सं. पिपराली (सीकर)






# गोविंदपुरा की न्यू बालाजी विहार कॉलोनी में होली मिलन समारोह, पार्षद विकास बारेठ का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**गोविंदपुरा( नि.स. )।** गोविंदपुरा स्थित न्यू बालाजी विहार कॉलोनी में होली के पावन अवसर पर भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान वार्ड पार्षद श्री विकास बारेठ का कॉलोनीवासियों द्वारा पारंपरिक राजस्थानी अंदाज़ में स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में भेरूराम जी शर्मा, पुरुषोत्तम जी गुप्ता, राधेश्याम जी यादव एवं बनवारी जी सैन ने पार्षद को साफा पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही माला पहनाकर भी उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में भेरूराम शर्मा, मालू सिंह पालावत, ओमप्रकाश सिरस्वा, कमलेश शर्मा, रमेश रुथला एवं रवि कुमार रुथला शामिल रहे।

इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर कर्नल राज्यवर्धन सिंह एवं वार्ड पार्षद श्री विकास बारेठ के प्रति क्षेत्र में कराए गए सीसी सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। दिनेश शर्मा एवं इंद्र सैन ने इन विकास कार्यों को क्षेत्र की प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

कार्यक्रम में समिति के सचिव श्री ओमप्रकाश सिरस्वा, अध्यक्ष श्री राधेश्याम यादव, श्री पुरुषोत्तम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से दिलीप सिंह, रघुवीर सिंह, महेश कुमावत, दीप सिंह, विष्णु सोनी, धुकल चौधरी, नितिन टांक एवं छगन प्रजापत की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई।

समारोह में करणसर की सरपंच श्रीमती ममता गुप्ता, ललिता सिरस्वा, गायत्री टांक एवं अन्य महिलाओं ने लोकगीत प्रस्तुत कर वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। होली के इस अवसर पर पारंपरिक गीत-संगीत ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया।

इस दौरान वार्ड पार्षद श्री विकास बारेठ ने कॉलोनीवासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि न्यू बालाजी विहार कॉलोनी को वैशाली नगर की तर्ज पर विकसित एवं आदर्श कॉलोनी बनाने के लिए उनका सतत प्रयास जारी रहेगा।

## खत्म हुआ इंतजार निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ रविवार को धीनवा (निम्बाहेड़ा) स्थित खेल मैदान में आयोजित भव्य समारोह में किया गया। भूमि पूजन के साथ ही सड़क निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से गति प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के अथक प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत इस फोरलेन सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं मेवाड़-मालवा क्षेत्र से प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलिया जी मंदिर मंडफिया आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा।

समारोह में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, चित्तौडग़ढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी, प्रतापगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निवर्तमान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, निवर्तमान पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, जिला महामंत्री रघु शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री अमर सिंह रावत, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, छोटीसादड़ी पूर्व नपा अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़, क्षत्रीय महासभा के नारायण सिंह बडौली सहित आरएसआरडीसी डीजीएम आर.के. माहेश्वरी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लालचंद वर्मा एवं उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री कल्लाजी वेदपीठ के कैलाश मूंदड़ा के नेतृत्व में बटुकों द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कराया गया। तत्पश्चात धीनवा, जावदा एवं डोरिया क्षेत्र के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा अनुसार उपरना ओढ़ाकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

### सड़क विकास से बदलेगा क्षेत्र का भविष्य-विधायक आक्या

विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं धार्मिक विकास की आधारशिला है। इससे व्यापार, उद्योग, कृषि उपज के परिवहन एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। यह फोरलेन सड़क आने वाले समय में मेवाड़-मालवा क्षेत्र को जोड़ने वाली प्रमुख कड़ी साबित होगी और क्षेत्र की जनता को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। समारोह के आरम्भ में स्वागत उद्बोधन देते हुए आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लालचन्द्र वर्मा ने सड़क निर्माण को लेकर जानकारी दी।






















आप सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं

राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में पी.पी.पी. मोड़ पर संचालित
CT-Scan+M.R.I.
सरकारी रेट पर जिले भर के मरीजों की जांच



Regd. No. : DRA 0810400026
PCPNOT Alw/21
Website : www.curewelldiagnostic.com
E-mail : curewellalwar@yahoo.co.in
Curewell Diagnostic
a Leading pioneer in diagnostic service across all hospitals and clinics at Alwar.
Curewell Dianostic
has brought a revolutionary and radical change in the fielf of automated diagnostics in Alwar.
Curewell Diagnostic Center
हैड ऑफिस : लखण्डा वाला कुआं, बिजली घर का चौराहा, अलवर फोन : 0144-2702884, 9414203193
क्योरवैल डायग्नोस्टिक सैन्टर



होली, ईद व गणगौर पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत हमीरपुर, पंचायत समिति टोडारायसिंह



गीता देवी जाट
प्रशासक
ग्राम पंचायत हमीरपुर, पंचायत समिति, जिला टोंक



सीमा चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हमीरपुर




गोवर्धन लाल जाट
समाजसेवी
(राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित- 28 फरवरी 2014)

विनम्र अपील
- ग्राम पंचायत के समस्त राजस्व गांवों के काश्तकारों, खातेदार खातेदारी भूमि, निजी स्वामित्व वाली भूमि में स्थित खुले मुंह के कुओं व बोरवेलो पर ऊपर -लोहे के जाल लगाकर या पट्टियों से ढकवाएं एवं उनके चारों तरफ खम्भे गाड़ कर तार खिंचवाएं।
- कुओं व बोरवेलो के समीप बच्चों को नहीं जाने देवे। सावधान रहे। सावधानी बरतें। दुर्घटना रोके।
- ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखें।
- जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवाह पंजीयन अवश्य करावें।
- गांव व क्षेत्र को स्वच्छ साफ सुथरा बनाए रखें।
- सरकारी व पंचायत भूमि पर अतिक्रमण न करें।



सभी क्षेत्रवासियों को
होली व धुलंडी
के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



आर. के. मलिक
(प्रेसिडेंट ग्लोबल स्प्रिट्स लिमिटेड)
निवेदक : ग्लोबल स्प्रिट्स लिमिटेड, श्यामपुर बहरोड



पंचायत समिति, सातलखेड़ी
सातलखेड़ी पंचायत समिति सरपंच
सुषमा गोठवाल एवं मुकेश गोठवाल
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को होली व धुलंडी की हार्दिक शुभकामनाएं



सुषमा गोठवाल
सरपंच



मुकेश गोठवाल
पंचायत समिति, सातलखेड़ी





सुनिता देवी
प्रोपराइटर


होली पर्व की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



इंजी. जी.लाल
संरक्षक

जी.लाल फिलिंग स्टेशन
स्टेशन रोड, झुंझुनूं
आधुनिक नवीनतम तकनीकी मशीनों से संचालित
फोन : 01592-230635, 9414053381








Dr. Annushri's Shree Diagnostics
Affinity. Dedication. Innovation.
NABH
ECHS
AI Powered
Fully Equipped with all
DIAGNOSTIC MODALITIES
under one Roof
जहाँ भरोसा मिले आधुनिक तकनीक से –
नई MRI और CT स्कैन मशीनों से
सटीक जाँच करने वाला शहर का एकमात्र सेंटर।
Our Services
CT SCAN
MRI
CBCT / OPG
SONOGRAPHY
LABORATORY





HELPLINE :
9504 361 361 / 9504 341 341
डॉ. अन्नुश्री
श्री डायग्नोस्टिक
HDFC बैंक के सामने, रोड़ नं. 1, झुंझुनूं
www.annushridiagnostics.com shreediagnosticsjjn@gmail.com Dr.Annushri's Shree Diagnostics


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत सरकार


श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार


श्री मदन राठौड़
प्रदेश अध्यक्ष राज. सरकार
एवं राज्यसभा सांसद


श्री झाबर सिंह खर्रा
यू.डी.एच. मंत्री
राजस्थान सरकार


श्री जवाहर सिंह बेढ़म
गृह राज्य मंत्री
राजस्थान सरकार


किला घंटाघर बाड़ी

# नगर पालिका बाड़ी


तालाब शाही बाडी

## राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का आमजन लाभ लें

### अपील

- स्वच्छ भारत अभियान में सभी नगर पालिका का सहयोग करें।
- बिना निर्माण स्वीकृति के निर्माण नहीं करें।
- सडक पर पानी, कचरा ना फैलायें।
- कूडे को कचरा पात्र में ही डालें।
- नगर पालिका की सम्पत्ति को नुकसान ना पहुँचायें।
- समय पर अपना नगरीय विकास कर जमा करायें।
- अपने बच्चों को खुले में शौच ना करायें।
- घर में जल प्रवाहित शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर पालिका भूमि पर अति मण नहीं करें।
- सरकारी सम्पत्ति पर पोस्टर, बैनर लगाकर सुन्दरता ना बिगाडें।
- सडकों, गलियों तथा नालियों पर अतिक्रमण ना करें।
- समय पर 21 दिन के अन्दर जन्म मृत्यु का पंजीयन करायें।
- प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के पात्र आवेदक दिनांक 05.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 तक कार्यालय के कमरा नं. 11 में आवेदन जमा करावें।
- पीएम स्वनिधि एवं सीएम स्वनिधि योजना के तहत समस्त स्ट्रीट वैण्डर्स योजना का लाभ उठावें।


श्रीनिधि बीटी
जिला कलेक्टर,
धौलपुर


भगवत शरण त्यागी
प्रशासक नगर पालिका, बाड़ी
एवं उपखंड अधिकारी, बाड़ी


अभिताभ बच्चन मीणा
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बाड़ी


अमित कुमार गोयल
कनिष्ठ अभियन्ता
नगर पालिका बाड़ी


आशीष मित्तल
सहायक लेखाधिकारी
नगर पालिका बाड़ी

समस्त नगर पालिका प्रशासन बाड़ी (धौलपुर) राज.


होम डिलेवरी
सुस्वागतम्
एसी. व्यवस्था
श्री श्याम रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी लाजवाब, स्वादिष्ट खाना,
उत्तम सर्विस, साथ ही गार्डन रेस्टोरेन्ट की
लॉन के बीच उचित व्यवस्था।
फैमिली की अलग से
बैठने की व्यवस्था
शाही खाना
साधारण
रेट पर
बर्ड डे पार्टी, शादी पार्टी, किट्टी पार्टी
एवं अन्य शुभ अवसरों की पार्टियों का आयोजन किया जाता है।
पैकिंग की उत्तम व्यवस्था
एक बार सपरिवार पधारकर सेवा का मौका अवश्य दें।
टोंक रोड़, गोनेर मोड़, रेल्वे फाटक के बीच पीपल के पेड़ के पास,
J.N.I.T. College, Y.I.T. College के सामने, सांगानेर, जयपुर
रतन भैय्या मो.: 97998-86970


Rajdhani
Battery
LUMINOUS
Inverter • UPS • Battery
EXIDE
INDUSTRIES LIMITED
राजधानी बैट्री
एण्ड इन्वर्टर
EXIDE
AMARON
LUMINOUS
Deals in:
All Vehicle Battery,
inventor & Inverter
Batteries & SMF
Batteries
Mohd. Islam
9314625427
Mohd. Nasir
9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur


JK TYRE
STEEL EHEELS
HARISH JOSHI
Mo:9828584592
GIREESH
Mo:9982684592
SHYAM TYRES
Near Sawai Madhour Railway Line,
Diggi Road,Sanganer, Distt,
Jaipur, Rajasthan-303902
Phone: 0141-2731937
E-mail: Harishjoshi1000@Yahoo.com


राम बाबू शर्मा (सचिन)
9828084769
इण्डिया
इलैक्ट्रोकेयर
कलर टीवी, डीवीडी,
फ्रीज, वॉशिंग मशीन आदि
रिपेयर किए जाते है।
पिंजरापोल गौशाला के सामने,
टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर
indiaelectrocare@gmail.com

राज्यपाल बागडे ने 'अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम' सम्मेलन में भाग लिया

# भारतीय अध्यात्म परम्परा विश्वभर में श्रेष्ठ : राज्यपाल




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम और पूर्णकन्या प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित %युवा सम्मेलन% में भाग लिया।

राज्यपाल बागडे ने इस दौरान %पूर्णवाद विचारधारा% से जुड़े महान दार्शनिक एवं आध्यात्मिक आचार्य डॉ. आर. पी. पारनेरकर तथा डॉ. वी. आर. पारनेरकर को स्मरण करते हुए कहा कि पूर्णवाद जीवन से जुड़ा आलोक है। उन्होंने भारतीय अध्यात्म परम्परा को विश्व की महान देन बताते हुए कहा कि भौतिक जीवन के प्रत्येक पक्ष में पूर्णवाद से ही समग्र संतुष्टि और संतोष भाव को प्राप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने ईशावास्योपनिषद के पूर्णमिदम् शांति पाठ का उल्लेख करते हुए कहा कि सृष्टि अपने आप में पूर्ण है। इसलिए पूर्ण से यदि पूर्ण भी निकाला दिया जाता है तो मूल पूर्णत्व में कोई कमी नहीं आती। उन्होंने भारतीय वैदिक, विज्ञान और खगोल विद्या के उत्कर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट ने शून्य का सटीक मान ही विश्व भर को नहीं दिया बल्कि गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत और पृथ्वी गोल होने का वैज्ञानिक तथ्य बहुत पहले ही विश्वभर को बता दिया था।

बागडे ने संतुलित और प्रसन्नचित जीवन के लिए पूर्णता के भाव को सभी स्तरों पर अपनाने का आह्वान किया।

# प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का तेजी से हो विकास : दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग श्री भवानी सिंह देथा एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं श्री वासुदेव मालावत की उपस्थिति में रविवार को सचिवालय में समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान सरकार द्वारा घोषित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को पंजीकृत कर, लाभ दिलाने का प्रयास किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राष्ट्रीय स्तर की तालिका में प्रथम तीन राज्यों में रहने के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। आंगनबाड़ियों के अनुमत मरम्मत कार्यों को इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में पेयजल, विद्युत कनेक्शन तथा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से विकसित की जाए ।


















राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट– 2026

# देश और दुनिया की भलाई के समाधान खोजें स्टार्टअप : मदन राठौड़

## पिच सैशन के ग्रैंड फिनाले में स्टार्टअप ने दिखाया जोश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान आज नवाचारों का गढ़ बन रहा है। राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट–2026 के आयोजन ने इस बात को साबित किया है कि राजस्थान सरकार स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देने में आगे है और यहां के स्टार्टअप अपने नवाचारों से देश–दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

राठौड़ राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सहयोग से ओपन इनोवेशन लोटस फाउंडेशन और आर्मेनिया सरकार द्वारा होटल ताज आमेर में आयोजित राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट के अंतिम दिन पिच सैशन के ग्रैंड फिनाले को संबोधित कर रहे थे।

राठौड़ ने कहा कि आज ई–वेस्ट को दुनिया की बड़ी समस्या माना जा रहा है। उन्होंने स्टार्टअप संचालकों का आह्वान किया कि वे ई–वेस्ट की समस्या को दूर करने के नवाचारी समाधान खोजें और उन पर काम करें। वे ऐसे काम करें, जिनसे देश और दुनिया का भला हो सके। राठौड़ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के दौर में इसके लाभ भी हैं और नुकसान भी। उन्होंने कहा कि विकास के लिए एआई का सदुपयोग करना जरूरी है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को रोकने के कदम उठाए जाने चाहिए।

**पिच सैशन और फेस–ऑफ**–जयगढ़ बॉलरूम में आयोजित पिच सैशन के ग्रैंड फिनाले में चयनित स्टार्टअप्स ने ज्यूरी के समक्ष अपना दमखम दिखाया। इनमें ट्रेवल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में काम कर रहे ट्रेवस्टेक, गौ–काष्ठ रिसाइक्लिंग करने वाले अर्थ, मशीनी बुद्धिमता से जुड़े कैपेक्सिया डायनामिक्स, जल प्रबंधन से जुड़े गतिशील, पारिवारिक पूंजी निवेश से जुड़े वैल्थएक्स, एक्टीविटीज और एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने वाले औडोरा तथा मनोवैज्ञानिक एआई प्लेटफॉर्म %द बेसिक साइको शामिल थे। प्रत्येक स्टार्टअप को अपनी बात रखने के लिए तीन मिनट का समय दिया गया, जबकि ज्यूरी के सवाल–जवाब के लिए उनके पास पांच मिनट का वक्त था। इसके पश्चात् दो–दो स्टार्टअप्स के बीच फेस–ऑफ का भी आयोजन हुआ।

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञानेन्द्र तिवारी
काज बटन सेन्टर
बाबिन इलास्टिक
263/ 650 प्रताप नगर, सेक्टर-26, एन.आर.आई. के पास, सांगानेर, जयपुर मोबाइल नं.- 9214126858, 9269072596

King Store
Prop. D.K.MEHTA



25, Tarkeshwar Market
Gopal Pura More, Jaipur
P.I. 9828073926

राजेश साहू
मो. 9887391627
7737247016
श्री नाथ पावभाजी

हमारे यहां शादी पार्टियों के आर्डर बुक किए जाते हैं।
पावभाजी, चाऊमीन
भेलपुरी, मसालाडोसा
छोले बटूरे
जवाहर सर्किल, जयपुर

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers


Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur


'सेवा मंदिर'

गोवर्धन लाल सेन
मो. 9829776593
"जोड़ो एवं नसों का इलाज"
ग्रामः माथासूला, तह.: जमवारामगढ़, जयपुर
(मंगलवार एवं शनिवार का अवकाश)

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण पर बल

# उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने राजकीय महाविद्यालय एवं नवीन उप-तहसील भवन का किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/डीग (घन्श्याम अवस्थी)।** राज्य सरकार की उच्च शिक्षा को ग्रामीण अंचलों तक सुलभ कराने तथा प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने की कटिबद्धता के क्रम में, रविवार को बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पसोपा में नवीन राजकीय महाविद्यालय भवन एवं उप-तहसील भवन खोह का गरिमामय शिलान्यास समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इन बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर 4.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन महाविद्यालय भवन तथा 1.6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले उप-तहसील भवन खोह का शिलान्यास किया गया। आयोजन स्थल पर स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का अभूतपूर्व स्वागत किया गया, जिसमें जेसीबी के माध्यम से भव्य पुष्प वर्षा कर व्यापक जन-उत्साह प्रदर्शित किया गया।

समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने राज्य सरकार की नीतियों और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दृढ़ता से रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व में व्याप्त नकल और पेपर लीक जैसी गंभीर विसंगतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए डमी कैंडिडेट बैठाने और पेपर खरीदने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कर उन्हें जेल भेजने का कार्य किया है, जिससे मेहनतकश युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम छोर पर बैठे और मुख्यधारा से पिछड़ गए प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। बालिका शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि बेटियों के उच्च शिक्षित होने से ही परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र सशक्त होता है। राज्य में शैक्षणिक ढांचे के उन्नयन का विस्तृत उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 185 महाविद्यालयों के नवीन भवनों का निर्माण कर उन्हें स्थानांतरित किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं, फर्नीचर, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं से सुसज्जित किया गया है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार कई महाविद्यालयों में विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों सहित नए विषय प्रारंभ किए गए हैं। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले प्रवासी पक्षियों का उत्कृष्ट उदाहरण देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार भौगोलिक सीमाएं पक्षियों की उड़ान को नहीं रोक सकतीं, उसी प्रकार पसोपा का यह नवीन महाविद्यालय अंचल के युवाओं के सपनों को नए पंख प्रदान करेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने संबोधन में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने मुख्य अतिथि का डॉ बैरवा का आत्मीय स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह से करतल ध्वनि के साथ उनका भव्य अभिनंदन करने का आह्वान किया। साथ ही, पधारे अतिथियों एवं पदाधिकारियों का भी यथोचित सत्कार किया। क्षेत्र में चल रहे ढांचागत विकास का विस्तृत ब्यौरा देते हुए उन्होंने बताया कि 160.26 लाख रुपये की लागत से उप-तहसील भवन खोह के शिलान्यास के अतिरिक्त, क्षेत्र में 20 करोड़ रुपये की लागत से एक आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, पर्यटन विभाग द्वारा पसोपा व आदिबद्री क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु 6 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पुनीत अवसर पर उन्होंने आदिबद्री की 14 कोसीय परिक्रमा कर रहे साधु-संतों, श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों, युवाओं एवं बुजुर्गों का मंच से श्रद्धापूर्वक प्रणाम कर अभिवादन किया। बृज अंचल की विश्व प्रसिद्ध एवं पावन संस्कृति का सम्मान करते हुए, समारोह के अंत में उपमुख्यमंत्री एवं गृह राज्य मंत्री ने उपस्थित विशाल जनसमूह को उल्लास के पर्व होली की अग्रिम एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। गृहराज्य मंत्री ने सभी से आह्वान किया कि आज आदिबद्री के दर्शन के निमित्त पुष्प वर्षा के साथ ही होली मनाई जाए। इसके पश्चात अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने परस्पर पुष्प वर्षा कर अत्यंत आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पारंपरिक फूलों की होली खेली। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ यह शिलान्यास समारोह क्षेत्र के समग्र विकास, प्रशासनिक सुगमता एवं शैक्षणिक उत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

## भरतपुर में तेज रफ्तार कार से मचाया उत्पातरूचाय के बूथ में मारी टक्कर

युवक गंभीर, पुलिस क्षतिग्रस्त कार को किया जब्त



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने चाय के बूथ में टक्कर मार दी। चाय पी रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में चार युवक सवार थे, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

### चाय पी रहा युवक आया कार की चपेट में

घटना जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरियाणा नंबर की कार अचानक तेज गति से आई और सीधे चाय के बूथ से टकरा गई। उस समय अनाह गेट निवासी शुभम (30) बूथ के बाहर खड़ा होकर चाय पी रहा था और कार की चपेट में आ गया।

### चाय के बूथ का सामान भी बिखरा

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बूथ का सामान सड़क पर बिखर गया। हादसे में शुभम को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चारों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी।

### बीजेपी कार्यकर्ता युवकों को साथ ले गया

घायल शुभम के भाई हर्ष के अनुसार, घटना के कुछ ही देर बाद भाजपा कार्यकर्ता दौलत फौजदार मौके पर पहुंचे और चारों युवकों को अपनी कार में बैठाकर वहां से ले गए। इधर, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। शुभम की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## विधायक डॉ. गर्ग ने इकरन में खेल स्टेडियम का किया शिलान्यास

राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी की अनुशंसा पर 15 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से बनेगा खेल स्टेडियम

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने ग्राम पंचायत इकरन में राज्य सभा सांसद जयंत चौधरी द्वारा सांसद क्षेत्र विकास योजना के तहत् खेल स्टेडियम विकास कार्य इकरन के लिये स्वीकृत की गई 15 लाख रुपये की राशि से बनने वाले खेल स्टेडियम का शिलान्यास किया। डॉ. गर्ग ने इकरन ग्राम पंचायत में खेल स्टेडियम की भूमि का षिलान्यास करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल स्टेडियम का निर्माण होने के बाद क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपने खेलों में निखार लाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इकरन में बनने जा रहे खेल मैदान को उम्दा खेल मैदान के रूप में बनाया जायेगा। इसके लिये जरूरत पडी तो वह अपने कोष से भी राशि आवंटित करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्र मे प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को निखारने की आवष्यकता है। डॉ. गर्ग कहा कि खेलों से मानसिक व शारिरिक विकास तो होता ही है साथ ही आपसी सौहार्द भी बनता है। उन्होंने कहा कि शहर के साथ साथ वह ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये संकल्पित हैं और उनका ध्येय भरतपुर को एजुकेशन हब के साथ साथ स्पोटर्स हब बनाना है। इस मौके पर इकरन सरपंच नेमसिंह ठाकुर सहित ग्रामीण क्षेत्र के अन्य लोगों ने उनका साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर इकरन के पूर्व सरपंच गिरीष ठाकुर, महेष चारलींगंज, गोपाल सिंह ठाकुर, बनय सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## भरतपुर यूथ फेडरेशन का होली मिलन समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर यूथ फेडरेशन के तत्वावधान आज किला स्थित श्री बिहारी जी परिक्रमा मार्ग स्थित प्राचीन श्री शनिदेव मंदिर पर होली मिलन समारोह बडे हर्षोल्लास, उमंग तरंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से बुजुर्ग सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द स्वरूप खंडेलवाल को संगठन की ओर से मूर्खाधिराज बनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर होली के फिल्मी गीतों पर आकर्षक रोचक नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर, ठंडाई स्वल्पाहार से सभी का मुॅह नमकीन और मीठा कराया। इस अवसर पर प्रभात धनकर, मनोज अग्रवाल, गिरधारी दुवे, संतोष जोशी, उमेश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, भगवान जायसवाल, तरूण चाहर, अजीत कुंतल, गोपेश माहौर, ईश्वरी प्रसाद अग्रवाल, मा0 किशन लाल, योगेन्द्र कुमार शर्मा आदि बडी संख्या में उपस्थित थे।

## भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारत स्वाभिमान एवसं पतंजलि योग समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में 1 मार्च 2026 को प्रातः 7 बजे मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में आयोजित की गई। मुख्य संयोजक कुंतल ने बताया कि मीटिंग में भरतपुर जिला की योग क्लासों को चालू करने, सहयोग शिक्षक तहसीलों में तैयार करने, आगामी 8 मार्च को प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर मीटिंग आयोजन करने, विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में 10 से 16 मार्च तक 7 दिवसीय मोटापा एवं डायविटीज कन्ट्रोल करने का विशेष इन्टीग्रेटेड योग शिविर के आयोजन में वजन तोलने एव बी.पी. शुगर आदि की निशुल्क जांच करवाने, तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड से भरतपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों को जोडने, रूपवास तहसील में 8 मार्च को विशेष योग शिविर का आयोजन करवाने आदि का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। मीटिंग में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी गंगो सिंह, किसान संरक्षक हीरासिंह आर्य, किसान प्रभारी ओमवीर सिंह, कोषाध्यक्ष भूप सिंह, सह जिला प्रभारी डॉ. सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, शिवदत्त तेनगुरिया, सत्यदेव आर्य, मनीष शर्मा, डॉ. सुनील चौधरी, चंदर सिंह, मनीराम, रमेश चौधरी, संतोष अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल की छत भरभराकर गिरी, रूदरारें देख टीचर ने 3 मिनट पहले ही बच्चों को बाहर निकाला

कमरे में छाया धूल का गुबार, क्लास रूम की छत भरभराकर गिरी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में सरकारी स्कूल के क्लासरूम की छत अचानक भरभराकर गिर पड़ी। क्लास में टीचर बच्चों को होली सेलिब्रेशन के बारे में बता रहे थे। तभी छत की पट्टियों के चटकने की आवाज आई और छत में दरारें बढ़ने लगी।

टीचर ने फौरन बच्चों को बाहर निकाला। बच्चे कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि करीब 3 मिनट बाद छत गिर गई। पूरे कमरे में धूल का गुबार भर गया। गनीमत रही कि सभी बच्चे बाहर आ गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। क्लास में 10 बच्चे थे।

मामला सेवर थाना क्षेत्र के नगला भगत में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम गवर्नमेंट स्कूल में शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे का है। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पट्टियों समेत कमरे की पूरी छत गिरते हुए दिखाई दे रही है। स्कूल में 28 बच्चे पढ़ते हैं। टाइमिंग सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है।

हेडमास्टर कविता देवी का कहना है कि हादसा अचानक हुआ। अगर छत जर्जर होती तो अधिकारियों को इसके बारे में बताया जाता। छत बिलकुल सही थी, लेकिन कल (शनिवार) अचानक ढह गई। मामले की जांच करवा रहे हैं। अचानक छत में दरारें दिखने लगी। टीचर ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला। बच्चों के बाहर निकलते ही छत भरभराकर गिर पड़ी।



हादसे के बाद क्लासरूम में पड़ा मलबा।

### छत गिरते ही निकला धूल का गुबार

महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल कमेटी (नगला भगत) के अध्यक्ष जवाहर सिंह ने बताया- घटना शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। मैं अपने घर पर था। स्कूल प्रबंधन ने मुझे फोन कर आने के लिए कहा। क्लास की छत में तेजी से दरारें बढ़ रही थी। मैं स्कूल पहुंचा ही था, इतने में ही छत गिरने की आवाज आई। क्लास में रेत का गुबार नजर आ रहा था। हालांकि टीचर प्रवीण ने सतर्कता दिखाते हुए बच्चों को क्लास से बाहर निकाल लिया था। जरा भी देरी होती तो झालावाड़ दुखांतिका जैसा हादसा हो सकता था। सेवर का नगला भगत स्थित सरकारी स्कूल, जिसमें 28 बच्चे पढ़ते हैं। हादसे से 30 मिनट पहले स्कूल में खेली गई थी होली छठी क्लास की छात्रा ने बताया- शनिवार को स्कूल में होली खेली गई थी। हादसे से करीब 30 मिनट पहले सभी बच्चे होली खेलकर फ्री हुए थे। उसके बाद टीचर क्लास में होली के बारे में बता रहे थे। अचानक छत के चटकने की आवाज आई। प्रवीण सर ने कहा कि बच्चों बाहर निकल जाओ, छत टूट सकती है। इसके कारण हमारी जान बच गई। सरकारी स्कूल का 50 फीट लंबा बरामदा गिरारूसर्दी के कारण ग्राउंड में धूप में बैठे थे बच्चे, 15 मिनट पहले ही निकले थे बूंदी में सरकारी स्कूल के बरामदे की करीब 50 फीट लंबी छत अचानक गिर गई। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई स्टूडेंट बैठा हुआ नहीं था।

## फूलों की होली के बीच नाचते झूमते मनाया होली महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** थोक वस्त्र व्यवसायी संस्थान के तत्वावधान में होली मिलन समारोह अभिनन्दन मैरिज होम में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। सचिव वेदप्रकाश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग एवं व्यापारी नेता भगवानदास बंसल द्वारा ष्यदीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम में सुनील एण्ड पार्टी द्वारा बहुत ही रोचक आकर्षक एवं अनेक रंगारंग कार्यक्रमों एवं झांकियों की प्रस्तुति दी । होली के भजन गीतों से समा बांध दिया। सभी ने नाचने झूमते फूलों की होली का आनन्द लिया व होली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, भरतपुर जिला व्यापार महासंघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता, नरेन्द्र गोयल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, विष्णु लोहिया के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

पुष्पहार पहनाकर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्था की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस मौके पर समाजसेवी मोहन मित्तल, जयप्रकाश बजाज, अशोक सिंघल, राजेश कुमार, वीरेन्द्र अग्रवाल, भागचंद जैन, राजेन्द्र खंडेलवाल, विपिन कुमार, सूयप्रकाश गुप्ता, दाऊदयाल, प्रवीण अग्रवाल, भरत पेशवानी, विनय मित्तल, अतुल कुमारमरचंद मंगल, विष्णु राधे, गिरीश खंडेलवाल,सुरेन्द्र सिंघल, गोपाल गोयल आदि सदस्य, परिवारीगण ट्रांसपोर्ट बंधु, कमीशन ऐजेन्ट अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीग में लक्ष्मण मंदिर पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री का किया पुतला दहन

केंद्र सरकार पर लगाया अमेरिका के दबाव में देश के हितों को गिरवी रखने का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष स्वेता यादव एडवोकेट के नेतृत्व में रविवार को शहर के लक्ष्मण मंदिर के सामने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील का विरोध जताते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

जिला अध्यक्ष स्वेता यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में काम कर रही है, जो देश की गरिमा और संप्रभुता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'एपस्टिन फाइल्स' से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स में केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आने के बाद विरोध और तेज हुआ है। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए इसे देशहित के विपरीत बताया तथा मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि देश की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर तय होनी चाहिए, न कि किसी बाहरी दबाव में। महंगाई और नीतिगत फैसलों से आम जनता परेशान है, ऐसे में सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जनहित के मुद्दों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान सुनीता फौजदार, अल्का गर्ग, वीरा पहलवान, बलवीर सिंह, चिराग, रवींद्र, मिथुन, देवेंद्र, राजेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स एवं ब्ज्ञ ठपतसं भ्वेचपजंसे, श्रंपचनत के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ टॉक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स एवं ब्ज्ञ ठपतसं भ्वेचपजंसे, श्रंपचनत के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'जीम ळवसकमद ल्मंते क्मेमतअम ळवसकमद ब्ंतम' रहा, जिसमें प्रख्यात प्दजमतदंस डमकपबपदम ैचमबपंसपेज डॉ. राहुल माथुर ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम तथा समग्र स्वास्थ्य देखभाल पर विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। डॉ. माथुर ने बताया कि बढ़ती आयु के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद तथा मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिए समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित क्लब सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. माथुर ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समाधान बताया। इस ज्ञानवर्धक सत्र से सभी उपस्थितजन लाभान्वित हुए तथा क्लब द्वारा इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की गई। इस अवसर पर क्लब संरक्षक लायन विनोद सिंघल ने अतिथि वक्ता डॉ माथुर का स्वागत करते हुए कहा कि लायंस क्लब रॉयल्स सदैव समाज के स्वास्थ्य एवं सेवा से जुड़े कार्यक्रमों के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में क्लब सचिव रमेश चंद्र वर्मा ने पदाधिकारियों ने डॉ. राहुल माथुर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन विनोद गर्ग, जॉन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता, पूर्व रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार, प्रेमपाल सिंह मोहन माहेश्वरी, जेपी अग्रवाल, भंवर सिंह ज्योति आर्य सहित क्लब के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





# देशभर में आज धूमधाम से मनाई जायेगी होली

## दोस्तों और परिवार संग जमकर उड़ेगा गुलाल

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्योहार मनाया जाता है। यह रंगों और उत्सव का त्योहार है। न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़ों में भी इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह रहता है। आपको बता दें कि होली के त्योहार को सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस दिन सभी लोगों के घर पर कई तरह के स्वादिष्ट पकवान भी बनाए जाते हैं। इन पकवानों में गुजिया ट्रेडिशनल डिश होती है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक में मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने सारे गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे के साथ जमकर रंग और गुलाल उड़ाते हैं।

## क्यों मनाई जाती है होली, जानें पूरी कहानी

होली भारत का एक प्रमुख और प्राचीन त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है। यह पर्व हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। होली केवल रंग खेलने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, भाईचारे और नई शुरुआत का प्रतीक भी है। इस दिन लोग अपने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और खुशियां बांटते हैं। आइए जानते हैं होली का महत्व और इससे जुड़ी पूरी कहानी।

### इतिहास

होली का संबंध मुख्य रूप से भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा से जुड़ा हुआ है। प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्याचारी राजा था, जो खुद को भगवान मानता था। वह चाहता था कि उसकी प्रजा केवल उसी की पूजा करे, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था और हर समय उनकी भक्ति में लीन रहता था। हिरण्यकश्यप को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं थी। उसने कई बार प्रह्लाद को मारने की कोशिश की, लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने उसकी रक्षा की। अंत में हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका की मदद ली। होलिका को अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था। वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई, ताकि वह जलकर भस्म हो जाए। लेकिन भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका स्वयं जलकर राख हो गई। इसी घटना की याद में होली से एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

### धार्मिक और सामाजिक महत्व

होली का धार्मिक महत्व बहुत गहरा है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सच्चाई और भक्ति की हमेशा जीत होती है। होलिका दहन के समय लोग अपनी नकारात्मकता, ईर्ष्या और बुरी आदतों को त्यागने का संकल्प लेते हैं। सामाजिक दृष्टि से भी होली का विशेष महत्व है। यह पर्व लोगों को एकजुट करता है और समाज में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। इस दिन लोग आपसी मनमुटाव को भूलकर एक-दूसरे के घर जाते हैं, मिठाइयां बांटते हैं और रंग लगाकर खुशियां मनाते हैं। होली सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देती है।

### रंगों का महत्व

होली में रंगों का विशेष स्थान है। अलग-अलग रंग जीवन के विभिन्न भावों और भावनाओं का प्रतीक होते हैं। लाल रंग प्रेम और ऊर्जा का, हरा रंग खुशहाली का, पीला रंग ज्ञान और शांति का, और नीला रंग विश्वास का प्रतीक माना जाता है। रंगों के माध्यम से लोग अपने जीवन में नई उमंग और सकारात्मकता लाते हैं। आजकल प्राकृतिक और इको-फ्रेंडली रंगों का उपयोग करने पर भी जोर दिया जाता है, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे। सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों से होली खेलना ही इस त्योहार की असली खुशी है।

### होली से जुड़ी परंपराएं

होली के दिन लोग सुबह से ही रंग और गुलाल लेकर एक-दूसरे के घर जाते हैं। ढोल-नगाड़ों और गीत-संगीत के साथ पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहता है। महिलाएं और पुरुष मिलकर पारंपरिक पकवान जैसे गुजिया, मालपुआ, दही भल्ला आदि बनाते हैं। कई जगहों पर विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जाता है। ब्रज क्षेत्र की लठमार होली, मथुरा-वृंदावन की फूलों वाली होली और बरसाने की होली विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। इन परंपराओं से होली का उत्सव और भी खास बन जाता है।

### नई शुरुआत का प्रतीक

वसंत ऋतु के आगमन का भी संकेत देती है। यह समय प्रकृति में नई ऊर्जा और ताजगी का होता है। पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं और वातावरण में खुशबू फैल जाती है। उसी तरह होली भी हमारे जीवन में नई शुरुआत और सकारात्मक सोच लाने का संदेश देती है।



## नौ दिन मनाया जाता है होली का त्योहार

होली पर्व वैसे तो नौ दिनों का त्योहार है लेकिन अधिकांश जगहों पर इसे पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। इसके तहत पहले दिन होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते हैं। दूसरे दिन, जिसे धुलेंडी कहा जाता है, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं। कई जगह महिलाएं इस दिन व्रत भी रखती हैं। होली पर्व के आने की सूचना होलाष्टक से प्राप्त होती है। होलाष्टक को होली पर्व की सूचना लेकर आने वाला एक हरकारा कहा जा सकता है।

### ब्रज में दिखता है अलग ही रंग

होली के इन 9 दिनों का उल्लास और मस्ती ब्रज क्षेत्र में देखते ही बनती है। बरसाने की लठमार होली काफी प्रसिद्ध है। इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएं उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। मथुरा और वृंदावन में तो 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है।

### होलिका दहन

होली के आगमन को देखते हुए देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दिनों पहले से ही गोबर के पतले पतले उपले और अंजुलि के आकार की गुलेरियां बनाने का कार्य शुरू हो जाता है। इनके बीच में बनाते समय ही उंगुली से एक छेद बना दिया जाता है। इनके सूख जाने पर इन्हें रस्सियों में पिरोकर मालाएं बनाई जाती हैं। होलिका दहन के दो तीन दिन पूर्व होली के लकड़ी कण्डे आदि रखना शुरू कर दिया जाता है। सामूहिक होलिकाओं के साथ-साथ एक मकान में रहने वाले सभी परिवार भी अतिरिक्त रूप से होलियां जलाते हैं। होली दहन के समय पौधों के रूप में उखाड़े गए चने, जौ और गेहूं के दाने भूनकर बांटने की भी परम्परा है।

### होलिका दहन पूजन विधि

होलिका दहन से पूर्व महिलाएं एक पात्र में जल और थाली में रोली, चावल, कलावा, गुलाल और नारियल आदि लेकर होलिका माई की पूजा करती हैं। इन सामग्रियों से होली का पूजन किया जाता है और जल चढ़ाया जाता है। होलिका के चारों ओर परिक्रमा देते हुए सूत लपेटा जाता है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा नक्षत्र में होलिका दहन पूर्णतया वर्जित है। यही कारण है कि किसी वर्ष तो होलिका दहन सायं सात आठ बजे ही हो जाता है तो किसी वर्ष प्रातः तीन चार बजे। इस दिन पुरुषों को भी हनुमानजी और भगवान भैरवदेव की विशिष्ट पूजा अवश्य करनी चाहिए। प्रत्येक स्त्री पुरुष को होलिका दहन के समय आग की लपटों के दर्शन करने के बाद ही भोजन करना चाहिए।

### होली के खास व्यंजन

होली के दिन घरों में गुजिया, खीर, पूरी और गुलगुले आदि विभिन्न व्यंजन पकाए जाते हैं। बेसन के सेव और दही बड़े भी उत्तर प्रदेश में इस दिन खूब बनाये जाते हैं। इस पर्व पर कांजी, भांग और ठंडाई विशेष पेय होते हैं।

### होली पर्व की कथा

कहा जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था। वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था। प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिर.यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। माना जाता है कि प्रह्लाद का अर्थ आनन्द होता है। वैर और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका (जलाने की लकड़ी) जलती है और प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रह्लाद (आनंद) अक्षुण्ण रहता है।

## सामाजिक समरसता और उल्लास का पर्व है होली का त्योहार

भारतीय संस्कृति में होली के पर्व का अद्वितीय स्थान है। यह पर्व उमंग, उल्लास, उत्साह और मस्ती का पर्व है। होली का पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है। होली का पर्व जलवायु परिवर्तन का भी संकेत देता है। होली का पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व है। वर्तमान में यह पर्व दो दिन तक मनाया जाता है। पर्व का प्रारम्भ होलिकादहन से होता है। अगले दिन जनमानस अबीर, गुलाल और गीले रंगों के साथ तथा पर्यावरण प्रेमी टेसू के फूलों के रंग के साथ होली खेलने का आनंद लेते हैं। कहीं-कहीं यह पर्व आज भी अपनी प्राचीन परम्परा के अनुरूप रंगभरी एकादशी से प्रारंभ होकर सप्ताह भर तक मनाया जाता है। होली के पर्व को धुरंडी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन भी कहा जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे के साथ प्रेम के रस में सराबोर हो जाते हैं। होली के पर्व को वसंतोत्सव या कामोत्सव भी कहा गया है। भक्त प्रहलाद की श्री हरि विष्णु के चरणों में अनन्य भक्ति इस उत्सव की आध्यात्मिक प्राण रेखा है। संस्कृत साहित्य में होली के विभिन्न रूपों का वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत महापुराण में रसों के समूह रास का वर्णन मिलता है। होली पर्व का वर्णन किस साहित्य में मिलता है उसमें जैमिनी के पूर्व मीमांसा सूत्र और कथा ग्राह सूर्य उल्लेखनीय हैं। नारद और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। हर्ष की प्रियदर्शिका व रत्नालीला तथा कालिदास की कुमारसंभवम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में होली का वर्णन मिलता है। भारवि, माघ और कई अन्य संस्कृत के कवियों ने वसंत और होली की खूब चर्चा की हैं। चंदबरदाई के पृथ्वीराज रासो में होली का वर्णन मिलता है। आदिकालीन कवि विद्यापति से लेकर सूर, रहीम, रसखान, जायसी, मीरा, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव आदि कवियों का प्रिय विषय होली रहा है। महाकवि सूरदास ने होली पर 78 पद लिखे हैं। अवध में रघुवर और सिया, ब्रज में कृष्ण और राधिका होली के नायक नायिका हैं। इसके अतिरिक्त प्राचीन चित्रों भित्तिचित्रों, मंदिरों की दीवारों पर होली उत्सव के चित्र देखने को मिलते हैं। विजयनगर की राजधानी हंपी के 16वी शताब्दी के एक चित्रफलक में दंपति के होली मनाने का चित्र अंकित किया गया है। इस चित्र में राजकुमार और राजकुमारी को दासियों सहित रंग और पिचकारी के साथ होली खेलते दिखाया गया है। 16वीं शताब्दी में अहमदनगर की एक चित्र आकृति का विषय वसंत रागिनी भी है। इस चित्र में राज परिवार के एक दंपत्ति को बगीचे में झूला झूलते दिखाया गया है। साथ ही अन्य सेवक-सेविकाएं रास रंग में व्यस्त हैं। वे एक-दूसरे पर पिचकारियों से रंग भी डाल रही हैं। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों और आकृतियों में होली के रंग देखने को मिल जाते हैं। उदाहरण के रूप में 17 वीं शताब्दी में मेवाड़ की एक कलाकृति में महाराणा को अपनी रानियों के साथ चित्रित किया गया है। एक अन्य चित्र में राजा को हाथी दांत के सिंहासन पर बैठा दिखाया गया है जिसके गाल पर महिलाएं रंग मल रही हैं। होली का पर्व पूरे भारत में, हर प्रांत में अलग- अलग प्रकार से मनाया जाता है। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बिंदु ब्रज की होली है। जिसमें बरसाने की लट्ठमार होली सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मथुरा-वृंदावन में होली का पर्व 15 दिनों तक मनाया जाता है। कुमाऊं में गीतों की होली में संगोष्ठियों का आयोजन होता है जिसे बैठकी होली कहते हैं इससे मिलती जुलती परंपरा झारखंड में भी देखने को मिलती है । हरियाणा के धुलेंडी क्षेत्र में भाभी द्वारा देवर को उठाने की प्रथा है। बंगाल में चैतन्य महाप्रभु की जयंती धूमधाम से मनाया जाती है। महाराष्ट्र में होली का पर्व रंग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में होली का पर्व होला मोहल्ला के रूप में मनाया जाता है। तमिलनाडु में यह पर्व कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोत्सव है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की होरी में लोकगीतों की अदभुत परम्परा है। मालवा के अंचलों में यह पर्व भगोरिया नाम से बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। होली के दिन सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को ही मिलता है। इस पर्व के साथ खान पान और पकवान की भी कई परम्पराएं जुड़ी हैं जिनमे सबसे लोकप्रिय परम्परा गुझिया बनाने की है। गुझिया केवल होली के पर्व पर ही बनने वाला पकवान है। इसके अतिरिक्त घरों में विशेष परम्परागत भोजन बनाने की परम्परा है।





## फाल्गुन पूर्णिमा

### प्रहलाद के साथ ही कामदेव और बसंत ऋतु से जुड़ी है होली की मान्यता

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन रात में किया जाता है अभी होलाष्टक चल रहा है और इन दिनों भक्ति, पूजा-पाठ करने का महत्व काफी अधिक है। फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है। इस पर्व से जुड़ी कई मान्यताएं हैं, लेकिन प्रहलाद और होलिका से जुड़ी मान्यता सबसे ज्यादा प्रचलित है। यहां जानिए होली से जुड़ी कुछ अन्य मान्यताएं कौन-कौन सी हैं...

#### भक्त प्रहलाद और होलिका से जुड़ा किस्सा

पुराने समय में असुरों के राजा हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का भक्त था। हिरण्यकश्यपु इसी बात से अपने ही पुत्र प्रहलाद से इतना क्रोधित हो गया कि वह उसे मारने की कोशिश करने लगा। असुरराज ने प्रहलाद को कई यातनाएं दीं, लेकिन हर बार विष्णु कृपा से प्रहलाद सकुशल बच गया। हिरण्यकश्यपु की बहन होलिका को आग में न जलने का वरदान मिला हुआ था। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई, ताकि प्रहलाद का अंत हो सके, लेकिन विष्णु जी की कृपा प्रहलाद तो बच गया और होलिका जल गई। बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसी जीत की खुशी में हर साल होलिका दहन किया जाता है।

#### शिव जी और कामदेव से जुड़ा किस्सा

फाल्गुन पूर्णिमा के आसपास से ही बंसत ऋतु शुरू होती है। बसंत ऋतु के स्वागत में उत्सव मनाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। बसंत को ऋतुओं का राजा कहते हैं। पौराणिक कथा के मुताबिक, कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने के लिए बसंत ऋतु को प्रकट किया था। इसके बाद शिव जी की तपस्या भंग हो गई थी। कामदेव के क्रोधित होकर शिव जी ने उन्हें भस्म कर दिया था। बाद में जब शिव जी का क्रोध शांत हुआ तो उन्होंने कामदेव को श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया था। माना जाता है, जिस ये घटना हुई थी, उस दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा ही थी। बसंत ऋतु के आगमन की खुशी में रंगों से खेलकर उत्सव मनाया जाता है।

#### नई फसल के पकने पर मनाते हैं उत्सव

पुराने समय से ही नई फसल पकने पर उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। ये समय गेहूं-चने की फसल आने का समय है। फसल का पकना किसानों के लिए उत्सव मनाने की बात ही है। ये फसल पकने की खुशी में होली मनाने की परंपरा है। किसान जलती हुई होली में नई फसल का कुछ भाग भगवान को भोग के रूप अर्पित करते हैं। जलती हुई होली के आसपास खुशियां मनाते हैं।

## चंग की ताल पर होली का लुफ्त उठाते हैं लोग

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में होली का हल्ला शुरू हो जाता है। क्षेत्र के हर गांवो के मोहल्लों में अपनी-अपनी चंग (ढफ़) पार्टी होती है। चंग बजाने के साथ धमाल गाने का सिलसिला बसंत पंचमी से शुरू होकर गणगौर तक चलता है। चंग वादन की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली होती है की ढफ़ पर थाप पड़ते ही लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती है। चंग के साथ गाये जाने वाले लोक गीतो को धमाल के नाम से जाना जाता है। इन धमालों में होली से सम्बन्धित स्थानीय किस्से, कहावतें होती है जिनका धमाल के रूप में गाकर वर्णन किया जाता है। होली के दिनों में बजाये जाने वाले चंग के साथ धमाल व होली के गीत गाये जाते हैं। पुरुष चंग को अपने एक हाथ से थामकर और दूसरे हाथ से छड़ी के टुकड़े से व हाथ की थपकियों से बजाते हैं। साथ में झांझ, मंजीरे बजाते रहते है। एक घेरा बनाकर लोग धमाल गाते हैं। इसमें भाग लेने वाले पुरुष ही होते हैं, किंतु उनमें से कुछ पुरूष महिला वेष धारण कर नाचते हुये लोगो का मनोरंजन करते हैं। चंग वादन के बीच में गांव के पुरूषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ़ मण्डली की कोई विशेष वेश-भूषा नहीं होती है। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ़ बजाते हैं। ढफ़ वादन का आयोजन रात को होता है। ढफ़ वादन बहुत ही अनुशासित, व्यवस्थित तरीके से होता है। शेखावाटी इलाकों में देर रात तक ढ़प की थाप पर गूंजती होली की धमाल फाल्गुनी रंग को परवान चढ़ा देती है। गांवों की चौपालों पर रसिकों की टोलियां ढफ़ की थाप पर थिरकते हुए दिखाई देती है। कलाप्रेमी होली तक चलने वाले इन आयोजनों में धमालों की टेर लगाते हैं। जो देखने-सुनने वालों को भी क्षेत्रीय संस्कृति के आनंद की अनुभूति करवाती है। पहले गांवों में होली के दिनो में औरते घरो के बाहर चौक में इक्कठी होकर होली के गीत गाती थी जिन्हे क्षेत्र में होली के बधावा गाना कहा जाता है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी भी व्याप्त है। परिवार में पुत्र के जन्म होने पर उसके ननिहाल पक्ष से कपड़े, मिठाई दिये जाते हैं, जिनकी पूजा कर बच्चे को कपड़े पहनाये जाते है व मिठाई मौहल्ले में बांटी जाती है।

## मौत से मुकाबला: तीन स्टेंट फेल, फिर भी डॉ. अभिषेक सनाढ्य ने दिल की जंग जीतकर बचाई जिंदगी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** कहते हैं डॉक्टर यूं ही भगवान नहीं कहलाते और इसे सच साबित किया रुंगटा हॉस्पिटल के डॉ अभिषेक सनाढ्य ने। गंभीर हालत में लाई गई मरीज की जान बचाकर उन्होंने एक बार फिर चिकित्सा जगत में मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार पेशेंट के दिल में पहले से ही तीन स्टेंट डाले जा चुके थे। इसके बावजूद उनकी तीन मु य नसें दोबारा ब्लॉक हो गई थीं। हालत इतनी नाजुक थी कि जरा सी देरी जानलेवा साबित हो सकती थी। परंतु ऐन वक्त पर डॉ. अभिषेक सनाढ्य की सूझबूझ, सटीक निर्णय और आधुनिक तकनीक से किए गए जटिल उपचार ने असंभव को संभव कर दिखाया। एमबीबीएस, एमडी, डीआरएनबी (कार्डियोलॉजी) से विशेषज्ञता प्राप्त डॉ. सनाढ्य जटिल कोरोनरी इंटरवेंशन, पेसमेकर व डिवाइस इ प्लांट और पेरिफेरल इंटरवेंशन के एक्सपर्ट माने जाते हैं। इस चुनौतीपूर्ण केस में उन्होंने अत्यंत जटिल कोरोनरी इंटरवेंशन कर ब्लॉकेज को सफलतापूर्वक खोला और मरीज को नई जिंदगी दी। परिजनों के मुताबिक, हमें उ मीद कम थी, लेकिन डॉक्टर साहब ने हार नहीं मानी। आज हमारी पेशेंट हमारे बीच हैं तो सिर्फ उनकी मेहनत और अनुभव की वजह से। जयपुर के चिकित्सा क्षेत्र में यह सफलता चर्चा का विषय बनी हुई है। एक बार फिर साबित हुआ कि जब अनुभव, तकनीक और समर्पण साथ हों, तो जिंदगी की जंग जीती जा सकती है।

## सीए विशाल वाधवा ने अलवर सीए ब्रांच के चेयरमैन का कार्यभार सँभाला

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर सीए ब्रांच की नवीन प्रबंन्ध कार्यकारिणी 2026-2027 ने दिनांक 01 मार्च 2026 को विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। ब्रांच इंचार्ज नरेंद्र जैन ने बताया कि चेयरमैन पद पर सीए विशाल वाधवा, वाईस-चेयरमैनः सीए आकाश खंडेलवाल, सचिवः सचिन गुप्ता, कोषाध्यक्षः सीए अंशुल मोदी, सिकासा चेयरमैनः सीए हितेश सेतिया व कार्यकारणी सदस्य सीए नितिन गुप्ता ने अपना कार्यभार ग्रहण किया।

## उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी श्रीमती चलती देवी के निधन पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान



दिन भर वीआईपी-वीवीआईपी मुवमेंट रही। रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. श्रीमती चलती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैरवा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा टीकाराम जूली को ढ़ांढ़स बंधाते हुये शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, भरतपुर सांसद संजना जाटव, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, कांग्रेस प्रदेश सहप्रभारी चिरंजीवी राव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव व लालचंद कटारिया, पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर, सिविल लाईंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक गंगासहाय शर्मा, पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री एड. सुबेसिंह मोरोड़िया, पूर्व मंत्री उदय लाल आंजना समेत अनेक नेतागणों ने भी जूली की माताजी श्रीमती चलती देवी को श्रद्धांजलि दी।

## विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक रविवार को नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी की अध्यक्षता में लक्ष्मीनारायण मंदिर में स पन्न हुई। जिसमें होली व रामनवमी पर्व को लेकर विचार विमर्श किया गया। नगर मंत्री तूफान सोनी ने बताया कि परिषद द्वारा रामनवमी उत्सव 29 मार्च को समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिसमें भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के साथ श्रीराम ध्वज व कलश यात्रा का आयोजन होगा। समारोह व शोभायात्रा के लिये कार्यकर्ताओं को अलग अलग जि मेदारियाँ दी गई।

बैठक में परिषद की नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये हुकुमचंद गुप्ता को सह सेवा प्रमुख, बाबूलाल सैनी को संपर्क प्रमुख व विष्णु कुमार को धर्मयात्रा प्रमुख का दायित्व दिया गया। अध्यक्ष रोहिताश सैनी ने परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान जिला मंत्री महावीर सिंह, सहमंत्री एड. शिवकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेमीचन्द हिंदू, प्रचार प्रमुख धर्मवीर कुमावत, मिलन प्रमुख नरेंद्र हिंदू, नगर उपाध्यक्ष अमरजीत सोनी, गौरक्षा प्रमुख अमित सैनी, संदीप सैनी, बजरंग दल सह संयोजक ऋषिराज माथुर, दिनेश सैनी व रिंकू लखेरा समेत अन्य मौजूद रहें।

# कायदों से बेखबर: बिना न बरी वाहन पर स्टीकर लगा रही पुलिस

### प्रचार की आपाधापी में नियम तोड़ने वाले नजरंदाज, सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा फोटो

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पुलिस तक लोगों की सीधी पहुंच बनाने के लिए इन दिनों राजकॉप एप का प्रचार किया जा रहा है। पुलिस प फलेट्स व स्टीकर से लोगों को जागरूक कर रही है। लेकिन, इस आपाधापी में कायदों की अवहेलना कर रहे लोगों को भी नजरंदाज किया जा रहा है। मंडार में ऐसा ही वाक्या सामने आया है। यहां राजकॉप के प्रचार के दौरान पुलिसकर्मी एक वाहन पर स्टीकर चस्पा कर रहे हैं। इस वाहन के फ्रंट पर रजिस्ट्रेशन न बर तक नहीं है। नियमों के तहत वाहन के आगे-पीछे न बर लिखे होने चाहिए, लेकिन कायदों की अवहेलना के बावजूद पुलिस ने मूकदर्शक ही बनी रही। इस वाहन पर स्टीकर चस्पा करने का फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**यह है राजकॉप**

राजकॉप एप को लेकर पुलिस इन दिनों प्रचार कर रही है। यह राजस्थान पुलिस की ओर से विकसित आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन (राजकॉप) है। इसके जरिए लोग पुलिस तक आसान पहुंच बना सकते हैं। इसे मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।




**जानकारी में नहीं है...**

राजकॉप को लेकर प्रचार किया जा रहा है। वाहनों पर स्टीकर लगाए जा रहे हैं, लेकिन इस तरह के किसी वाहन की जानकारी नहीं है पता करवाता हूं।

**- प्रवीण कुमार, थानाधिकारी, मंडार**

**कार्रवाई किए बगैर छोड़ा वाहन**

नियमों के तहत वाहनों पर आगे-पीछे रजिस्ट्रेशन न बर लिखे जाने आवश्यक है। लेकिन, वायरल हो रहे फोटो में पुलिसकर्मी जिस वाहन पर स्टीकर चस्पा कर रहे हैं उस पर न बर लिखे हुए नहीं है। लिहाजा पुलिस को इस तरह के वाहन पर कार्रवाई करनी चाहिए थी पर स्टीकर चस्पा कर छोड़ दिया गया।

## होली पर्व पर मिलावटखोरी के विरुद्ध सघन अभियान, प्रतिष्ठानों से मावा व स्किल्ड मिल्क पाउडर के नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार होली पर्व के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा टीम ने रविवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर नमूना लेने की कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बद्री प्रसाद दिनेश चंद्र मावा भंडार, पुराना बस स्टैंड, धौलपुर से मावा का नमूना लिया गया। इसी प्रकार दीपक मावा भंडार, रस रोड, धौलपुर से मावा एवं स्किल्ड मिल्क पाउडर के नमूने लिए गए। इसके अलावा कृष्ण फूड प्रोडक्ट्स, धर्मपुरा, से भी मावा का नमूना लिया गया।

उन्होंने बताया कि सभी नमूनों को प्रयोगशाला में जांच हेतु भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पेंशनर समाज ब्यावर का वार्षिक सम्मेलन, वरिष्ठ नागरिकों का स मान

### मंत्री ने समस्याएं हल कराने का दिया भरोसा, विधायक ने भवन हेतु भूखंड आवंटन का आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर का वार्षिक स मेलन एवं वरिष्ठ नागरिक स मान समारोह रविवार को राज दरबार गार्डन एवं राज रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत मु य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक शंकर सिंह रावत ने की। प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर अति विशिष्ट अतिथि रहे स मेलन में जिले की विभिन्न उपशाखाओं से लगभग 450 पेंशनरों ने भाग लिया। समारोह में 75, 80 और 90 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ पेंशनरों का स मान किया गया, जबकि अनुपस्थित पेंशनरों को अगली बैठक में स मानित किया जाएगा। साथ ही भामाशाहों व सहयोगियों को भी स मानित किया गया मु य अतिथि सुरेश सिंह रावत ने पेंशनरों की समस्याएं सरकार तक पहुंचाकर समाधान का आश्वासन दिया, वहीं विधायक शंकर सिंह रावत ने पेंशनर समाज के भवन हेतु भूखंड आवंटन कराने का भरोसा दिलाया। स मेलन में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया कार्यक्रम का संचालन कन्यालाल बागड़ी ने किया।

## वैदिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संगम: आर्य समाज की आयुर्वेदिक होली आज

### गाय के उपलों व आयुर्वेदिक सामग्री से होगा होलिका दहन, फाग उत्सव व भजनों से सजेगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज ब्यावर द्वारा रंगों के पर्व होली के अवसर पर आज सोमवार को विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक लकड़ी की बजाय आयुर्वैदिक एवं वैदिक विधि से होलिका दहन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

आर्य समाज के मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि रात्रि 8 बजे विशेष यज्ञ (हवन) आयोजित होगा। इसके बाद रात 8:15 बजे वायु मंडल की शुद्धि के उद्देश्य से गाय के गोबर से बने उपलों (छानों) से होलिका दहन किया जाएगा। होलिका में उपलों के साथ आयुर्वेदिक सामग्री गाय का शुद्ध घी, नीम के पत्ते, गौमूत्र, नीम-गिलोय, कपूर, नागरमोथा, खोपरा आदि स मिलित की जाएगी।




उन्होंने बताया कि इस विधि से वातावरण शुद्ध होने के साथ कई रोगों से बचाव में भी सहायता मिलती है तथा लकड़ियों की बचत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाता है। ऋतु परिवर्तन के इस पर्व पर वैदिक परंपरा अनुसार नए धान को भी सेका जाएगा आर्य समाज के प्रधान भूदेव आर्य ने बताया कि रात 8:30 बजे से फाग उत्सव का आयोजन होगा, जिसमें होली के भजन, राजस्थानी फाग गीतों के साथ देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर इस विशेष आयुर्वैदिक होली में भाग लें और पर्यावरण अनुकूल परंपरा को अपनाने का संदेश फैलाएं। आयोजन में शामिल होकर श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## अग्रवाल महिला समाज ने मनाया उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (नि.स.)।** झालरापाटन स्थित श्री मन्नारायण मंदिर में होली उत्सव के अवसर पर अग्रवाल महिला समाज के तत्वावधान में समाज की महिलाओं द्वारा भव्य फाग उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों को राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजाकर प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण पूर्णतः वृंदावन जैसा आध्यात्मिक और आनंदमय प्रतीत हुआ।



फाग उत्सव के दौरान कृष्ण लीला की मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भव्यम अग्रवाल, ओजस्वी अग्रवाल, मान्या अग्रवाल एवं हिनल अग्रवाल ने रासलीला की प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। बच्चों की सजीव अभिनय शैली और पारंपरिक परिधानों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम में दीपिका अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, समाज की अध्यक्ष साधना अग्रवाल, अक्षिता, इंदा, सुनीता मित्तल, नेहा तथा अनिता सहित समाज की अनेक महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन उत्साह, भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से ओत-प्रोत रहा।

## जाम के कारण सरकते-सरकते निकली एंबुलेंस

### बिना पार्किंग के बने कॉ पलेक्सों के बाहर वाहनों का जमावड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** शहर के सदर बाजार में रविवार शाम एक ए बुलेंस जाम में फंस गई। आपात स्थिति के बावजूद ए बुलेंस को निकलने का रास्ता नहीं मिल पाया। आगे-पीछे वाहन फंसे रहने से एक-एक वाहन सरकने के बाद ही ए बुलेंस आगे जा पाई। उल्लेखनीय है कि व्यवसायिक कॉ पलेक्सों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से बाहर ही वाहनों का जमावड़ा रहता है। ऐसे में राह चलते वाहन अक्सर जाम में फंसे रहते हैं।



**इसलिए वाहनों का जमावड़ा**

बताया जा रहा है कि शहर के अधिकतर कॉ पलेक्सों में पार्किंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में यहां खरीदी के लिए आने वाले ग्राहकों व दुकानदारों को भी अपने वाहन बाहर ही रखने पड़ते हैं। इससे कॉ पलेक्सों के बाहर वाहनों का हर समय जमावड़ा रहता है।

**फिर भी निगरानी नहीं रखते**

नियमों के तहत कॉपलेक्सों में पार्किंग सुविधा करनी चाहिए, लेकिन निर्माण के समय ही इस पर ध्यान नहीं रखा जाता। निर्माण स्वीकृति में शर्तों का उल्लेख तक है पर अधिकारी बेपरवाह ही है। कई कॉ पलेक्सों में भूतल में पार्किंग की जगह दुकानें बना दी गई, लेकिन नगर परिषद के अधिकारी इस ओर निगरानी तक नहीं रखते।

## होली के त्यौहार पर सजे बाजार, पुराने रंगों को बेचे जाने से नागरिक परेशान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** होली के त्योहार पर शहर के बाजार अब सजकर तैयार हैं। जगह-जगह रंग और गुलाल की दुकानें सज गई हैं और लोग भी खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन पुराने रंगों को बेचे जाने की सूचना से नागरिक परेशान दिखाई दे रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि पुराने रंगों को लगाने से त्वचा और चेहरे के खराब होने की आशंका है। ऐसे में प्रशासन को इसकी जांच करनी चाहिए।

घंटाघर स्थित रंगों की दुकानों पर शहर में सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। सर्राफा व्यापारी विनोद कुमार सोनी ने बताया कि पुराने रंग किसी भी तरीके से बाजार में नहीं बेचे चाहिए। इससे त्वचा के खराब होने की आशंका है। छोटे बच्चों में केमिकल युक्त रंग से कोई भी बड़ी परेशानी पैदा हो सकती है। ऐसे में दुकानदार पुराने रंग नहीं बेचे तो बेहतर है। या फिर रंग बेचै ही नहीं ,केवल गुलाल और फूलों की होली खेली जाए।

यदि पुराने रंग बेचे जा रहे हैं तो प्रशासन को इस पर तुरंत एक्शन लेना चाहिए।जगद बा कीर्तन मंडल के पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पुराने रंग न केवल त्वचा को खराब करते हैं बल्कि एक लंबे समय तक त्वचा में इनका रिएक्शन बना रहता है। ऐसे में इन्हें किसी भी कीमत पर नहीं बेचना चाहिए। वहीं समाजसेवी इसरार खान ट्रेलर ने बताया कि छोटे बच्चे होली के त्योहार पर सबसे अधिक मस्ती करते हैं। उनको रंगों की विशेष जरूरत होती है। ऐसे में बाजार में नए और बढ़िया क्वालिटी के रंग ही बिक्री के लिए रखे जाने चाहिए। पुराने रंगों से कोई समझौता नहीं करें। इनको बेचे जाने पर प्रशासन को कड़ा एक्शन लेना चाहिए।

- बच्चो की स्वास्थ्य और सेहत को लेकर खतरा,प्रशासन से मामले के जांच की मांग

**2 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च को होगी धूलंडी :-**

होली के त्यौहार को लेकर आचार्य लवकुश शास्त्री ने बताया कि इस बार चन्द्र ग्रहण के चलते होली के त्यौहार में लोगो को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन होगा। भद्रा काल में इसका समय 6 बजकर 16 मिनिट से 9 बजे तक रहेगा। वहीं 3 मार्च मंगलवार को चंद्र ग्रहण के चलते धुलंडी पर होली नहीं खेली जाएगी। 4 मार्च को ही धुलंडी पर होली का मुहूर्त है और 5 मार्च को भाई दूज होगी।

## मौसम विभाग के अनुसार मार्च में राजस्थान में गर्मी दिखाएगी अपने तेवर

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** मार्च माह से ही इस बार राजस्थान में गर्मी अपना असर प्रभावी रूप से दिखाएगी।

मौसम विभाग में अपने पूर्वानुमान में इस बार राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र और विशेष कर जैसलमेर बाड़मेर जालौर और जोधपुर से जुड़े इलाकों में मार्च माह के लिए पूर्वानुमान में भीषण गर्मी के संकेत दिए हैं।इसके अनुसार राजस्थान में सामान्य तापमान 40 डिग्री से ज्यादा गर्मी रहने का अनुमान है। राजस्थान में इन दिनों तेज धूप पड़ने लगी है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में हीट वेव की भी संभावना व्यक्त की गई है इसके साथ ही साथ दक्षिणी जिलों सिरोही, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, पाली के एरिया में औसत से ज्यादा तापमान रहने का अनुमान है। जबकि कोटा, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के इलाकों में थोड़ी कम गर्मी रहेगी।वहीं, इस बार रात में भी सामान्य से कहीं ज्यादा गर्मी रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के वेदर फोरकास्ट के अनुसार इस बार हीटवेव का ज्यादा असर सीमावर्ती जिलों में रहने की आशंका जताई है। इसमें जालोर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर और गंगानगर शामिल है ।

## 'शतक संघ के 100 वर्ष' का विशेष प्रदर्शन, प्रांत प्रचारक की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने देखा प्रेरक चलचित्र



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निर्मित चलचित्र 'शतक संघ के 100 वर्ष' का विशेष प्रदर्शन सरस्वती नगर क्षेत्र में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह चलचित्र पूर्व में सिनेमा हॉल से उतर चुका था, किंतु स्वयंसेवकों के विशेष आग्रह पर प्रबंधन द्वारा एक अतिरिक्त शो रखा गया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक विजयानंद की उपस्थिति रही। उनके साथ संघ के अनेक दायित्ववान कार्यकर्ता, स्वयंसेवक कुल 147 उपस्थित रहे।चलचित्र में संघ की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा, संगठनात्मक विस्तार, विविध सेवा प्रकल्पों तथा राष्ट्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान का प्रभावी चित्रण किया गया।

प्रदर्शन के उपरांत उपस्थित स्वयंसेवकों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायी बताते हुए शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग तक संघ के सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों को पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## मुफ्ती ए आजम राजस्थान की सदारत में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** रोशन नूरी मस्जिद भिस्तियान के सामने, समाजसेवी हाजी ज़हिरुल इस्लाम के उदयमंदिर आसन स्थित निवास स्थान पर 11वें रोजे के उपलक्ष में इफ्तार पार्टी का बेहतरीन आयोजन दारुल उलूम इसहाकिया के मुफ्ती ए आजम राजस्थान शेर मोहम्मद साहब की सदारत (अध्यक्षता) में रविवार को किया गया।

इफ्तार के वक्त खुशीशी दुआओं में मुफ्ती शेर मोहम्मद साहब ने नमाज पढने, पडौसी व रिश्तेदारों के साथ बेहतर व्यवहार करने, मुल्क में अमनो चैन, कौमी एकता, खुशहाली, दुनिया में शांति, सभी को मिलजुल कर रहने और एक दूसरे का सम्मान करने की दुआ की। इस मौके पर मौलाना हाफिज हाशमी काशीपुरी साहब ने रमजान की अहमियत और जकात हमारी पहली जिम्मेदारी विषय पर अपनी बात कहीं।

## कार व क्रूजर कि भीडंत में एक दर्जन से अधिक घायल, दो गंभीर हालत में जयपुर रैफर



बढ़ता राजस्थान

**रींगस ।** श्रीमाधोपुर मार्ग पर भींण्डा स्टैंड पर आई ट्वटी कार व क्रूजर कि आमने-सामने कि भींडत में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जानकारी के अनुसार क्रूजर में सवार 13 लोग श्रीमाधोपुर के ढाल्यावास में बैठकर से वापस चौमू लौट रहे थे रींगस श्रीमाधोपुर मार्ग पर भीण्डा स्टैंड पर सामने से आ रही आईं ट्वटी से भिड़ंत हो गई जिससे क्रूजर गाड़ी का अचानक टायर फट गया जिस गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई क्रूजर गाड़ी चालक आमीनसा पुत्र अब्दुल सहित चौमू निवासी रिंकू पत्नी विक्रम सिंह योगी, धापू देवी पत्नी कालूराम, छोटी देवी पत्नी कैलाश योगी, गुग्गी देवी पत्नी चौथमल योगी, पल्लवी पत्नी कन्हैयालाल चोपड़ा , अरुण योगी पुत्र भरतराज योगी, विमला देवी पत्नी सुरेश योगी, सीता देवी पत्नी सीताराम, सुगन लाल पुत्र चौथमल योगी मूलचंद , राजू देवी, सुमन देवी घायल हो गए। घायलों को नीजी वाहनों से कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल व नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां धापू देवी व सुमन देवी कि हालत गंभीर होने से उन्हें जयपुर रैफर किया रींगस पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से रींगस पुलिस थाने में खड़ा करवा कर यातायात सुव्यवस्थित किया ।

### राष्ट्र सुरक्षा और सीमा प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय मंथन

# राज्यों की संप्रभुता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (JNVU) के विधि संकाय और सीमा जन कल्याण समिति राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कानून, राष्ट्र की संप्रभुता, सीमा सुरक्षा और सामाजिक समरसता जैसे गंभीर विषयों पर गहन चिंतन किया गया।

तकनीकी एवं प्लेनेटरी सत्रः अंतरराष्ट्रीय समीक्षा की मांग

संगोष्ठी के चतुर्थ तकनीकी सत्र में डॉ. क्षेत्रपाल सिंह और डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मुछा ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभी तक जितने भी 'अभीसमय' (Conventions) हुए हैं, वर्तमान वैश्विक स्थिति को देखते हुए उनकी अंतरराष्ट्रीय समीक्षा की सख्त जरूरत है। वहीं, तृतीय प्लेनेटरी सेशन में मुख्य वक्ता के रूप में गुजरात के प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार ने अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्यों की संप्रभुता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय' (ICJ) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। समापन समारोह के मुख्य वक्ता, IG BSF एम. एल. गर्ग ने सीमा पर बढ़ती घुसपैठ पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने पलायन के आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि किस प्रकार ये कारक सीमा सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. शम्भू राम सिमखेड़ा (पूर्व चेयरमैन, यूनाइटेड नेशन ह्यूमन राइट्स) ने सीमा प्रबंधन और गैरकानूनी माइग्रेशन पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने भारत और नेपाल के प्रगाढ़ संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच "रोटी-बेटी" का संबंध है, जिसे सहेजने की आवश्यकता है। कुलगुरु प्रो. पवन कुमार शर्मा (JNVU, जोधपुर) ने अपने संबोधन में कहा कि अवैध घुसपैठ देश के लिए एक बड़ी समस्या है। उन्होंने आह्वान किया कि "देश के प्रति चिंतन करें, चिंता करें और एक नई रूपरेखा जोड़ें।" विधि संकाय के डीन डॉ. सुनील आसोपा ने तीन दिवसीय संगोष्ठी की समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की।




## अजमेर रेल मंडल ने हासिल किया 9 मिलियन टन लोडिंग का ऐतिहासिक पड़ाव

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने माल लदान (Loading) के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्त वर्ष में 9 मिलियन टन (MT) लोडिंग का आंकड़ा सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह मील का पत्थर मंडल की परिचालन दक्षता और टीम वर्क का जीवंत प्रमाण है।

यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के मार्गदर्शन, अपर मंडल रेल प्रबंधक विकास बूरा के सहयोग और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भारती भारद्वाज के प्रभावी निर्देशन के परिणामस्वरूप संभव हो पाई है। बेहतर वैगन प्रबंधन और परिचालन रणनीति की वजह से लोडिंग प्रक्रिया में तेजी आई है फलस्वरूप अजमेर मंडल ने अपनी माल लदान क्षमताओं को बढ़ाते हुए 9 मिलियन टन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार यह सफलता पूरी टीम के प्रयासों का परिणाम है। हमें न केवल उम्मीद है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हम इसी निरंतरता और ऊर्जा के साथ काम करते हुए बहुत जल्द 10 एमटी के लक्ष्य को भी प्राप्त कर लेंगे। अजमेर मंडल भारतीय रेलवे के राजस्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने और माल परिवहन को और अधिक सुलभ व तेज बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



## अजमेर जिले की प्रत्येक पात्र बालिका को लगाएं वैक्सीन- देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि अजमेर जिले की कोई भी पात्र बालिका एचपीवी वैक्सीन से वंचित ना रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ बालिका, सशक्त नारी के विजन के साथ इस महान अभियान की शुरूआत की है। अजमेर से इस अभियान की शुरूआत की गई है। जिले को इस दिशा में देश में अग्रणी होना चाहिए। सर्विकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान किया गया था। यह ऐतिहासिक पहल देश की बालिकाओं एवं महिलाओं को सर्विकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्वस्थ एवं सशक्त नारी के संकल्प को साकार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होने टीकाकरण अभियान की प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं आदर्श तैयारियों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विस्तृत निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं का पारदर्शी एवं प्रमाणित चयन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर लाभार्थी सूची का सत्यापन कराया जाए। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए। इससे टीकाकरण प्रक्रिया पूर्णतः विधिसम्मत एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकेगी।

उन्होंने टीकाकरण के लिए सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बूथ स्थापित करने के निर्देश भी प्रदान किए। प्रत्येक बूथ पर प्रशिक्षित वैक्सीनेटर, एएनएम एवं आवश्यक सहयोगी स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही कोल्ड-चेन प्रबंधन के मानकों का कड़ाई से पालन करने को निर्देशित किया।

## साधु-सन्तों के सानिध्य में मनाया अणुव्रत समिति का 78 वां स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा आज अणुव्रत के 78 वां स्थापना दिवस महाप्रज्ञ विहार स्थित तेरापंथ भवन में साध्वी डॉ.पीयूष प्रभा आदि ठाणा चार के सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ अणुव्रत का झंडा फहराकर किया गया। समिति अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने बताया कि सुमन डागलिया ,लक्ष्मी कोठारी ,विजय लक्ष्मी नैनावटी ने अणुव्रत गीत का गायन कर मंगलाचरण किया। तेरापंथ सभा के मंत्री अभिषेक पोखरना ने स्वागत करते हुए बताया अणुव्रत आंदोलन सभी समाज से जुड़ा होने के कारण समाज में नैतिकता ला सकता है सभा उपाध्यक्ष विनोद जी ने बताया आचार्य तुलसी ने आगे की सोच कर रखते हुए एक आंदोलन शुरू किया जिस देश के उत्थान में मार्गदर्शन मिल सके। साध्वी भावनाश्री ने बताया कि हमें स्वतंत्रता भीतर से प्राप्त नहीं हुई है। व्यक्ति अपने आप को ठग रहा है छोटे-छोटे व्रत को अपनाकर मानव जीवन सफल करें। अणुव्रत आंदोलन झोपड़ी से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गया है। साध्वीश्री ने नैतिकता की देवी को दुकान कार्यालय में अवश्य स्थापित करें संयम खलू जीवनम-संयम ही जीवन है। अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने बताया अणुव्रत का विशिष्ट पहलू है नैतिक शिक्षा व सामाजिक पहलू यह आंदोलन सामाजिक सेवा और सांप्रदायिक विकास पर बोल दे रहा है।

## श्री सीताराम गोशाला महिला भजन मित्र मंडली ने मनाया फागोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** क़स्बे के खाटु मोड़ स्थित श्री सीताराम गोशाला मन्दिर प्रांगण में न्यु कालोनी वार्ड नंबर 10 की सैकड़ों महिला मंडली द्वारा फागोत्सव मनाया गया। गौशाला शिव मंडल के पदाधिकारी ठेकेदार हंसराज कुमावत ने बताया की वार्ड नंबर 10 की महिला मित्र मंडली ने गौशाला में बाबा श्याम के भजनों पर नाचते गाते हुए फूलों एवं रंग गुलाल से होली खेलकर जमकर आनंद उठाया और एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर झुमरी देवी, सरिता देवी, सुनिता कुमावत , झमकू देवी, कमलीदेवी , दुर्गा धींगड़ा ,ऐश्वर्या कुमावत , मंजू देवी, तन्वी बवेजा, सुमन देवी, सोहनी देवी, सोनू कंवर, मुन्नी देवी , चम्पा देवी,अनिता वशिष्ठ , सन्तोष शर्मा , अनिता शर्मा , मंजू शर्मा ,जमुना देवी आदि सैकड़ों महिलाएँ ने जमकर फागोत्सव का आनंद उठाया।



**कीचड़ उसके पास था मेरे पास गुलाल,जो भी जिसके पास था उसने दिया उछाल**

## उदयपुर होलसेल गोल्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन एवं परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा यशवन्त आंचलिया के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर एवं होली के रंग कवियों के संग कवि सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर होलसेल गोल्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन एवं परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा आज भ्सारतीय लेककला मण्डल में होली के अवसर हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें हास्य कवियों ने हास्य की फुलझड़ियों से सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। समारोह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव लालसिंह झाला,पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्र आंचलिया व समाजसेवी अनिल पुनमिया,सोजतिया ज्वैलर्स के डॉ. महेन्द्र सोजतिया, मिराज ग्रुप से प्रकाश पालीवाल, अलंकार ज्वैलर्स के अलंकार ज्वैलर्स के मोहन माखिजा,आरएनटी के पूर्व प्राचार्य डॉ.लाखन पोसवाल थे जबकि अध्यक्ष शहर विधायक ताराचंद जैन ने की। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवियित्री गौरी मिश्रा ने सरस्वती वंदना से की। तत्पश्चात ग्वालियर के व्यंगकार तेजनारायण शर्मा बैचेन ने अपनी चुटीले व्यंगो से सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। उन्होंने अपनी रचना सड़क रास्ते ज़ाम कराकर...,जल्वा अपने नाम कराकर....,सभी मसीहा लौट चुके हैं, शहर में क़त्ले-आम कराकर...,पर जनता की दाद बटोरी। अपनी अन्य रचना मंच जबसे अर्थदायक हो गए....,तोतले भी गीत गायक हो गए....,राजनैतिक मूल्य कुछ ऐसे गिरे ज़ेबकतरे तक विधायक हो गए.,पर जनता ने जबरदस्त तालियां बजाकर रचना का स्वागत किया। उन्होंने अपनी एक और रचना युग की टेर लिए बैठी है..., मन के फेर लिए बैठी है...,रघुनंदन अब तो आ जाओ...शबरी बेर लिए बैठी है..को दाद मिली। श्रृंगार रस की कवियित्री ने समझ भी ले ज़रा हमदम न इतना तंग कर मुझको,मेरी हस्ती मिटा दे या फिर अपने संग कर मुझको, करूं कोशिश नहीं चढ़ता कोई भी रंग अब मुझ पर,न जाने कौन से रंग में गया तू रंग कर मुझको...का श्रोताओं ने तालियों से समर्थन किया। बारां के हास्य कवि सुरेन्द्र यादवेन्द्र ने एक बंदे ने, अकल के अंधे ने, इंटरनेट पर लड़की पटाई,नेट पर ही कर ली सगाई,नेट पर ही शादी और नेट पर ही डिवोर्स हो गया... लड़का लड़की दोनों खुश, चलो इंटरनेट का कोर्स ही हो गया.. पर श्रोता हंसे बिना नहीं रह सकें। भीलवाड़ा के हास्य कवि दीपक पारीक ने अपनी रचना हरदम ग़म ग़म क्यों करता है,इतना परिश्रम क्यों करता है,यार हमेशा मस्त रहा कर,मौसम मौसम क्यों करता है..., आगरा के लाफ्टर चेम्पियन वफा ईमान की बातें किताबों में ही मिलती हैं,भरोसा रोज मिलता है भरोसा रोज डसता है,जमीं वो अन्न पैदा कर वफ़ा जो खून में बोले,भगत सिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है.. को जनता ने तालियों के साथ कविता का स्वागत किया। कवि सम्मेलन में इन्दौर के वीर रस के कवि सत्यनारायण सन्तन एवं इन्दौर के ही वीर रस के कवि मुकेश मोलवा ने भी वीर रस कविता सुनाकर श्रोताओं की बाजुओं में वीर रस भर दिया। कवि सम्मेलन के संचालक राव अजातशत्रु उदयपुर ने रचना कीचड़ उसके पास था मेरे पास गुलाल,जो भी जिसके पास था उसने दिया उछाल..., अन्य रचना गलियों में घूम घूम, राहों में झूम झूम भंवरों के अधरों से कलियों को चूम चूम, गालों पे मल के गुलाल हंसी रे, गौरी होली में नखराली चाल हंसी रे... को होली के रंग में रंगने का प्रयास किया। जिसमें जनता ने तालियां की दाद दे कर उसे पूरी सफलता दी।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।